
MPHIN/2021/83938



# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 4 : अंकः 36 | ग्वालियर,12 दिसम्बर मंगलवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

भाजपा ने कांग्रेस सांसद धीरज साहू का पुतला फूंका

# आयकर विभाग के छापे में सांसद व उसके करीबियों के ठिकानों से करीब 300 करोड़ रुपए बरामद हुए,

आयकर विभाग के छापे में सांसद व उसके करीबियों के ठिकानों से करीब 300 करोड़ रुपए बरामद हुए

ं विपिन सिंह दीवान खरगोन ब्यूरो चीफ

खरगोन 11दिसंबर 2023 कांग्रेस के राज्यसभा सांसद व वरिष्ठ नेता धीरज साहू के ठिकानों पर आयकर विभाग की कार्यवाही में अब तक 300 करोड़ रुपए से अधिक नकद जब्त किए गए हैं। कांग्रेसी सांसद की इस काली कमाई का खुलासा होने के बाद से आम जनता में आक्रोश है। शनिवार शाम भाजपा जिला खरगोन के तत्वावधान में कांग्रेस सांसद धीरज साहू का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया गया।भाजपा जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश भावसार ने बताया शनिवार को स्थानीय श्रीकृष्ण टॉकीज चौराहा पर पूर्व जिलाध्यक्ष रणजीतससिंह डंडीर, पूर्व माशिमं उपाध्यक्ष भागीरथ कुमरावत, शंभूसिंह मनहर, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण इंगले, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष आसिफ खान, खरगोन नगर मंडल अध्यक्ष रणजीतसिंह रघवुंशी, महिला मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष शीतल राठौर, नपा सभापति चंद्रपालसिंह तोमर, पूर्व पार्षद भगवान सोलंकी, पूर्व एल्डरमैन चंद्रशेखर भालसे, मनोज पाल, राकेश चौहान, अभिलाष अत्रे, जयंत पंड्या, नीरज भावसार, सुरेश यादव, लखन बिडारे, मीनाक्षी मुछाल, माया खोटे आदि ने नारेबाजी करते हुए सांसद साहू का पुतला दहन किया। इस अवसर पर श्री इंगले ने कहा आज समूची कांग्रेस भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुकी है। राहुल गांधी के करीबी माने जाने वाले कांग्रेस सांसद साहू के यहां पड़े छापे में 300 करोड़ रुपए से अधिक जब्त किए गए



हैं। नोटों को गिनने के लिए लगाई गई मशीनें तक नोट गिन-गिनकर खराब हो गई। छापे में सांसद के ठिकानों से इतने नोट मिले हैं कि उन्हें गिनने में अभी दो दिन और लगने की संभावना जताई जा रही है। पूर्व जिलाध्यक्ष श्री डंडीर ने कहा यह कांग्रेसी भ्रष्टाचार का केवल एक उदाहरण मात्र है। सोनिया गांधी, राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने भ्रष्टाचार के कई रिकॉर्ड बनाए हैं। कांग्रेस की सरकारें भ्रष्टाचार में डुबी रहीं। कांग्रेस की पहचान लूट और भ्रष्टाचार है। कांग्रेस का चाल, चरित्र व चेहरा एक बार फिर सामने आया है।

### भ्रष्टाचार का पर्याय बना इंडी गठबंधन

-भाजपा जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश भावसार ने कहा कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडी गठबंधन भ्रष्टाचार का पर्याय बन गया है। कांग्रेसी सांसद के ठिकानों से ठिकानों से जब्त राशि में झारखंड के सांसद हेमंत सोरेन का भी हिस्सा हो सकता है। आश्चर्य की बात यह है कि कांग्रेस सांसद के विरुद्ध की गई कार्यवाही के बाद से सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जन खड़गे ने चुप्पी साध रखी है। हम सभी भाजपा कार्यकर्ता आज विश्व भ्रष्टाचार विरोधी दिवस के अवसर पर कांग्रेस सांसद साहू सहित उसके सभी करीबियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग करते हैं।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी ने आज एसपी कार्यालय पहुंचकर एएसपी को सोपा ज्ञापन

ं कांग्रेस कार्यकर्ता के खिलाफ चुनावी रंजिश के चलते झूठी शिकायत के खिलाफ सोपा ज्ञापन

**शिकायत की नायक जांच कर फिर को खत्म करने की भी की गई मांग**

**भाजपा पार्षद संतोष पेंटर द्वारा अपनी बहन से करवाई गई झूठी शिकायत**

जिला ब्योरो नीरज दुबे

**विदिशा** ।आज कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने एसपी कार्यालय पहुंचकर एएसपी समीर यादव को लिखित ज्ञापन दिया.... जिसमें उन्होंने बताया कि पिछले दिनो मोहनगिरी क्षेत्र में भाजपा पार्षद संतोष अहिरवार द्वारा चुनावी रंजिश का बदला लेते हुए अपनी बहन से झूठी शिकायत कांग्रेस नेता सोहन सिंह उर्फ सोनू राजपूत के खिलाफ मारपीट गाली गलौज और एससी एसटी की शिकायत दर्ज कराई गई है.... कांग्रेस नेत्री आशा



सिंह राजपूत, अजय कटारे सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं ने इस मामले में भाजपा नेता और पार्षद संतोष अहिरवार उर्फ संतोष पेंटर पर राजनीतिक दबाव बनाकर झूठी शिकायत करने का आरोप लगाया है... इस पूरे मामले की न्यायिक जांच कर एफआईआर को खत्म करने की मांग की गई है.. समीर यादव ने इस मामले में सक्षम अधिकारी से जांच कर कर आगे की कार्रवाई की बात कही उन्होंने कहा कि किसी भी निर्दोष को सजा नहीं दी जाएगी बही जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष में एक राज राय सचिन रमाकांत शर्मा और अन्य वकीलों द्वारा एएसपी समीर यादव को लिखित ज्ञापन देते हुए साथी वकील और अभिभाषक संघ के सदस्य सोहन सिह राजपूत के खिलाफ महिला द्वारा की शिकायत को राजनीतिक दोष से जोड़ते हुए मामले की निष्पक्ष जांच करने और एससी एसटी की धाराओं को हटाए जाने की मांग की है

## जनजातीय कार्य विभाग के द्वारा संचालित सक्षम जीवन कौशल विकास कार्यक्रम के प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम का विमोचन किया गया

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मोहम्मद जावेद झाबुआ जिला ब्यूरो चीफ

**झाबुआ** । जनजातीय कार्य विभाग के द्वारा संचालित ÷सक्षम जीवन कौशल विकास कार्यक्रम÷ मध्यप्रदेश के समस्त आदिवासी बाहुल्य जिलो में माध्यमिक एवं विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में संचालित एक कार्यक्रम है, जो 21वीं सदी के जीवन कौशल पर आधारित हैं जिसमें राष्टीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप विद्यार्थियों में जीवन कौशल शिक्षा कार्यक्रम के माध्यम से जीवन कौशल का विकास करते हुए जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाने पर आधारित है। इसके अंतर्गत गतिविधि आधारित शिक्षा, अनुभवनात्मक सीख, संवाद, समूह कार्य, आपसी सहयोग और परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को ढालने पर आधारित कौशल के बारे में जानकारी प्रदान की जाती है। जिससे संचार, आत्म जागरूकता और समानुभूति की अवधारणा को मजबूत बनाया जा सकता है । कार्यक्रम झाबुआ जिले के सहायक आयुक्त श्रीमती निशा मेहरा एवं सहायक संचालक श्री रवीन्द्र सिसोदिया के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम का विमोचन सहायक संचालक श्री रवीन्द्र सिसोदिया व पार्टनर संस्था मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री एन .एल. हाडा की उपस्थिती में किया गया।



## लाखो के निर्माण कार्य में करोड़ो का घोटाला

जिला ब्यूरो मो. 9424075866

**धार** - धार वन परी क्षेत्र कुक्षी मनावर ढाई करोड़ के नर्सरी काम में हुआ करोड़ो का घोटाला ! जरासी तेज हवा के झोंके से ढह गई वाल बॉवण्डरी मात्र दिखावे की बनाई गई है। नर्सरी में खर्च तो बहोत ही कम हुवा लेकिन गबन पेट भर कर हुवा बताया जाता है कि इस घटिया काम मे बड़े बोल्डरों से टिम्बर बनवा कर उसके अंदर बनाई गई नर्सरी अब पूर्ण रूप से खुली पड़ी है। पूरा मामला मनावर में बनी नर्सरी की वाल का है। जहां पर इस प्रकार का घटिया काम हुवा है जिसे लेकर कई सवाल उठ रहे है केवल महज हवा के झोंके से गिरा निर्माण कार्य इस



पर अंदाज लगाया का सकता है कि इस नर्सरी के निर्माण कार्य मे कितना भरस्टाचार हुवा है। सम्बन्धित अधिकारी व ठेकेदार मीडिया के सामने आने से कतरा रहे है। कोई भी कुछ बोलने को तैयार नही है सब ने चुप्पी साध रखी है। इस भरस्टाचार में कोन कोन लिप्त है इस कि जानकारी तक कोई भी देने को राजी नही है। आखिर इस घटिया निर्माण में कितनी लागत राशि लगी होगी इसका अंदाजा निर्माण को देख कर ही लगाया जा सकता है। लगभग ढाई करोड़ के निर्माण कार्य में महज लाखो रुपये की लीपा पोती कर के करोड़ो रूपये डकारने की बू आरही है।

**इस पूरे मामले की आखिर सुध लेगा कौन**-कुक्षी मनावर का एक मात्र वन परिक्षेत्र कार्यालय है जिसके नाम के पते नही है बोर्ड पर धुंधला सा नाम दिख रहा है। करोड़ो के घोटाले होने के बावजूद भी वन विभाग के पास बोड बनवाने के पैसे नही है। अधिकारियों की इस घटिया सोच का रोना रो रही है जनता बिना नाम के कार्यालय पर कैसे शिकायत करे। जब मीडिया ने कार्यालय में अधिकारी से चर्चा की तो बार- बार बीच मे बात काट रहे वन परिक्षेत्र के वन रक्षक। आखिर इतनी बड़ी हिम्मत कैसे हुई क्या यह भी तो इस घोटाले में लिप्त तो नही। शिकायत के छह महीनों में भी पूरी नही हो पाई जांच सम्बन्धित शिकायत कर्ता को जांच से रखा जा रहा है वंचित।

## ग्रामीण क्षैत्र में छोटे–छोटे रोजगार करने वाले परिवारों को दिया जा रहा है सम्मान

**जिला ब्यूरो मो. 9424075866**

**धार** – महिला विकास संस्था जिला धार द्वारा पुरे धार जिले में छोटे-छोटे रोजगार करने वाले परिवारों को जोडकर उनसे मासिक बचत करवाकर अपने स्व रोजगार को मजबूत करवाने का कार्य किया जा रहा है ! महिला विकास संस्था की अध्यक्ष श्रीमती मैना मारू बताती है कि संस्था के उदेश्य को सफल बनाने के लिए सोसायटी द्वारा छोटाङ्कछोटा ऋण भी रोजगार के लिए दिया जा रहा है ! जिससे एक छोटा से छोटा व्यक्ति अपनी आजीविका को मजबूत बनाने में सफल हो रहा है ! सोसायटी द्वारा सदस्य को प्रति माह ऋण पर छोटी छोटी टुकडी में वापसी लेना साथ ही आने वाले समय के लिए प्रतिमाह बचत करवाना 50 से 100




रूपये की ! इससे वह सदस्य अपनी नफा नुकसान पर भरपाई करने में मजबूत रहता है ! संस्था उनको प्रशिक्षण भी करवाती है प्रशिक्षण में उनको अपने ग्राहकों से किस तरह बात चित करना, किस तरह से आय व व्यय करना चाहिए ताकि वह व्यक्ति समझदार बने और वह अपने व्यवहार और समझदारी से अपना व्यवसाय अपना आजीविका को अच्छे तरीके से चला पाए ! इसी उदेश्य को लेकर महिला विकास संस्था द्वारा अपने सदस्यों को सोसायटी से नियमित लेन देन करने पर भारत माता सम्मान पुरस्कार का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया जाता है, क्योकि इन छोटे छोटे रोजगार करने वालो को समाज में कोई सम्मान नहीं देता है, उनको एक मजदूर के भाती समझते है ! इसलिए महिला विकास संस्था द्वारा यह कार्य किया जा रहा है यहा सदस्य एक्टिव रहते है और व्यक्ति जब संस्था पुरस्कार पाता है तो उसको बहुत खुशी होती है ! उनके चहरे की रोनक संस्था की हिम्मत बनती है !

ग्वालियर में 14 दिसम्बर को आएगी 'रिक्शा-रन'

## 36 रिक्शों पर सवार होकर चित्रकूट से आ रहे है 108 सेवाभावी नागरिक व प्रबुद्धजन

दैनिक कैसरिया हिंदुस्तान-/-
समाचार पत्र

**ग्वालियर।** मानव सेवा, सामाजिक सदभाव और राष्टीय एकता के पुनीत उद्देश्य को लेकर 14 दिसम्बर को रिक्शा-रन ग्वालियर पहुँचेगी। तीन दर्जन ऑटो रिक्शों में सवार होकर लगभग 108 सेवाभावी नागरिक एवं प्रबुद्धजन रिक्शा-रन के तहत ग्वालियर आएँगे।रिक्शा-रन 10 दिसम्बर से 23 दिसम्बर तक आयोजित हो रही है। चित्रकूट से रवाना हुई रिक्शा-रन 14 दिसम्बर को सिटी ऑफ म्यूजिक ग्वालियर पहुँचेगी। यह रिक्शा-रन 23 दिसम्बर को भुज पहुँचेगी। ग्वालियर प्रवास के दौरान रिक्शा-रन लाल टिपारा गौशाला जाएगी। इसके अलावा कंपू क्षेत्र में भी जाएगी। ग्वालियर प्रवास के दौरान रिक्शा-रन में शामिल सेवाभावी नागरिक प्रबुद्धजनों से संवाद भी करेंगे। सेवाभारती के छात्रावास का अवलोकन करने भी रिक्शा-रन पहुँचेगी।

## श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने से होता है समस्त पापों का नाश पं.घनश्याम शास्त्री जी

दैनिक कैसरिया हिंदुस्तान- समाचार पत्र

**ग्वालियर।**नई सड़क स्तिथ पहाडाय वाली माता मंदिर पर श्रीमद् भागवत कथा में में सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पं.श्री घनश्याम शास्त्री जी महाराज ने बताया कि वेदों का सार युगों युगों से मानव जाति तक पहुंचता रहा है। श्रीमद भागवत महापुराण उसी सनातन ज्ञान की पयस्विनी है, जो वेदों से प्रवाहित होती चली आ रही है उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण को वेदों का सार कहा जाता है। श्रीमद् भागवत का अर्थ होता है जो श्री अर्थात चैतन्य, सौंदर्य व ऐश्वर्य से



युक्त है। ये वो वाणी है, वो कथा है जो हमारे जड़वत जीवन में चैतन्यता का संचार करती है और हमारे जीवन को सुन्दर बनाती है ऐसी कथा अमृत है जो देवताओं के लिए भी दुर्लभ है। इसीलिए परीक्षित ने स्वर्गामृत के बजाय कथामृत की ही मांग की। क्योंकि इस कथामृत का पान करने से समस्त पापों का नाश हो जाता कथा के दौरान उन्होंने वृन्दावन का अर्थ बताया शास्त्री जी ने कहा कि वृंदावन इंसान का मन है। इंसान के मन में भक्ति तो जागृत होती है, पर वह भक्ति स्थाई नहीं होती। इसका कारण यह है कि हम ईश्वर की भक्ति तो करते हैं पर हमारे अंदर वैराग्य व प्रेम नहीं होता। इसलिए वृंदावन में जाकर भक्ति देवी तो तरुणी हो गई,पर उनके पुत्र ज्ञान और वैराग्य अचेत और निर्बल पड़े रहते हैं। उनमें जीवंतता और चैतन्यता का संचार करने हेतु नारद जी ने भागवत कथा का ही अनुष्ठान किया ने बताया कि व्यास जी कहते हैं कि भागवत कथा एक कल्पवृक्ष की भांति है, जो जिस भाव से कथा श्रवण करता है, वह उसे मनोवांछित फल देती है कथा के अंत में परीक्षित श्रीमति विनीता एन.सी.चतुर्वेदी और कथा आयोजक वंदना अखिलेस व्यास जी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे ।

### निर्वाचन समाप्ति के पश्चात निलंबित शस्त्र लायसेंस बहाल जमा शस्त्र लायसेंस वापस करने के आदेश पारित

दैनिक कैसरिया हिंदुस्तान
समाचार पत्र

**ग्वालियर।**विधानसभा निर्वाचन-2023 निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये जिला दण्डाधिकारी श्री अक्षय कुमार सिंह ने ग्वालियर जिले के समस्त आर्म्स अनुज्ञप्ति निर्वाचन समाप्ति तक निलंबित कर शस्त्र पुलिस लाईन में जमा करने के आदेश पारित किए थे। निर्वाचन समाप्ति के पश्चात आदेश जारी कर लायसेंसधारियों को उनके लायसेंस वापस करने के आदेश पारित किए हैं। जिला दण्डाधिकारी श्री अक्षय कुमार सिंह ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन हेतु कार्यक्रम जारी किया है। जिसके तहत ग्वालियर जिले के अंतर्गत एक सरपंच तथा 411 पंच पदों (जनपद पंचायत मुरार में 143, जनपद पंचायत भितरवार में 89, जनपद पंचायत घाटीगाँव में 27 तथा जनपद पंचायत डबरा में 152) के लिये निर्वाचन होना है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम के तहत यहाँ पर निर्वाचन होना है वहाँ के शस्त्र लायसेंस निलंबित रहेंगे। जिले के अन्य क्षेत्रों के शस्त्र लायसेंस बहाल करते हुए पुलिस अधीक्षक को कहा गया है कि पुलिस थानों एवं पुलिस

# सूर्या फाउंडेशन आदर्श गांव योजना के द्वारा तीन दिवसीय मल्टी फार्मिंग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ





**दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता म ालनपुर**

**मालनपुर/** सूर्या फाउंडेशन आदर्श काम योजना के द्वारा तुदिला ग्राम में तीन दिवसीय मल्टी फार्मिंग एवं जैविक कृषि का शुभारंभ किया गया 10 गांव से 50 प्रशिक्षण आरती शिविर में भाग ले रहे विश्व प्रसिद्ध मल्टी फार्मिंग के उत्कृष्ट कार्य के लिए 2020 में प्रधानमंत्री से सम्मान प्राप्त आकाश चौरसिया के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया जिसमें प्रथम दिन खेत का पैमाना एवं जैविक कृषि के उत्पादन कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका एवं उसके लाभ में चर्चा किया गया साथ में किसानों को प्रैक्टिकल प्रशिक्षण भी दिया गया शिविर में सूर्या फाउंडेशन के मल्टी फार्मिंग के इंचार्ज संजय वशिष्ट एवं आयोजक राजीव सिंह जॉन प्रमुख शत्रुघ्न लाल अशोक कुमार रवि तिवारी अरुण राणा एवं स्थानीय कृषक उपलब्ध रहे

# गोहद विधायक केशव देसाई का मालनपुर छेत्र में फलों से तोल कर किया भव्य स्वागत

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**संवाददाता मालनपुर**
**पहलवान सिंह राजावत**

मालनपुर गोहद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के नवनिर्वाचित विधायक केशव देसाई का सोमवार को नगर आगमन मालनपुर होने पर क्षेत्र में जगह-जगह फलों से तौल कर पगड़ी बांधी और केक काटकर मुंह मीठा कराया और तिलक फूल माला पहनकर नारियल भेट किया।जगह-जगह स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में केशव देसाई ने कहा कि मेरा नहीं समस्त क्षेत्र की जनता के स्वागत में क्षेत्र की जनता का में आभारी रहूंगा जो कि आप सभी ने पार्टी के प्रतिनिधि के रूप में मुझे आशीर्वाद दिया।इसमें सभी क्षेत्र की जनता ने पूरा सहयोग किया मैं सभी का बार-बार अभिनंदन करता हूं। मैं विधायक नहीं आप सभी विधानसभा क्षेत्र की जनता विधायक है। मैं तो जनता का सेवक हूं मेरे द्वारा जो मेरा सामर्थ्य है अपने निजी फंड से विकास की कड़ी को आगे बढ़ाऊंगा। आप लोगों ने जो स्वागत सम्मान दिया है उसे आशीर्वाद समझकर आप लोगों का आभार मानता हूं। स्वागत में पूर्व सरपंच कल्याण सरपंच की मार्केट में बलवीर सिंह जाटव एवं हवलदार सिंह जाटव दिनेश जाटव सब परिवार सहित फलों से तोल तिलक व माल्यार्पण कर इसी क्रम में बच्चू सिंह टेलर मास्टर , पोजू शाह के असगर अली ने पगड़ी बांधकर स्वागत किया। इस अवसर पर नौशाद खान ,संजय मोबाइल, पप्पू खान ,संतोष कुशवाहा, कुंदन सिंह तोमर, रामनरेश सिंह उर्फ पप्पू गुर्जर अटल गौड आदि कार्यकर्ता स्थानीय निवासी मौजूद उपस्थित रहे

## जिला शिवपुरी के तहसील बैराड़ में हुआ प्रोजेक्टर के माध्यम से संत रामपाल जी महाराज का सत्संग



**जिसमे संत रामपाल जी महाराज ने श्रीमद् देवी भागवत चार वेद 6 शास्त्र 18 पुराणों को खोलकर बताया और गीता अध्याय 18 के श्लोक 62 में बताया कि अर्जुन तू सर्वभाव से उस परमेश्वर की शरण में जा जिसकी कृपा से तू परम शांति तथा परम सुख सत्य धाम को प्राप्त होगा जहां जाने के पश्चात प्राणी इस संसार में लौटकर नहीं आता संत रामपाल जी महाराज के शिष्य रागुबीर दास सोनू दास मातादिन दास रामेश्वर दास मांगीलाल दास बैराड़**

# दो माह बीत जाने के बाद भी नही दी जा रही आरटीआई की जानकारी

**सिरोंज / लटेरी**
**अभिषेक कुशवाह**

दो माह से अधिक समय व्यतीत हो जाने के बाद भी शिक्षा विभाग के अधिकारियो के द्वारा मांगी गई आरटीआई की जानकारी नही दी जा रही है जिसमें आरटीआई कार्यकर्ता विनोद कुशवाह ने बताया कि मेरे द्वारा कुछ बिन्दुओ को लेकर शिक्षा विभाग लटेरी में आरटीआई के तहत जानकारी मांगी गई थी लेकिन दो माह से अधिक समय व्यतीत हो जाने के बाद भी अभी तक कोई जानकारी उपलब्ध नही कराई गई वही ज्ञात हो कि सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत मांगी जाने वाली वैद्यानिक जानकारी 1 माह में उपलब्ध कराई जाती है ।

# भगवान के चित्र के साथ चरित्र भी पूजनीय – पंडित विजय सागर शास्त्री

## ग्राम जगथर में बह रही ज्ञान रूपी गंगा

**अभिषेक कुशवाह**

सिरोंज -भगवान के चित्र की हम लोग पूजा करते है भोग लगाते है आरती करते है यदि हम इन सबके साथ ही भगवान के चरित्र जिसमे सत्यवादिता , ईमानदार , माता पिता की आज्ञा मानना आदि व्यवहारो को यदि अपने जीवन में उतारेंगे तो निश्चित ही हमारे जीवन स्तर में सुधार होंगा और हमारा अच्छा भविष्य होंगा उपरोक्त शब्द भागवत कथा वाचक पंडित विजय सागर शास्त्री ने ग्राम जगथर मे बह रही सात दिवसीय भागवत रूपी ज्ञान गंगा के दूसरे दिन कहीं वही उन्होने आगे कहा कि जिस समय महाभारत युद्व के बाद भगवान श्री कृष्ण विदा लेने



लगे तब सभी पांडवो ने अपने लिये सुख संपत्ति कों मांगा तो वही माता कुंती ने विपत्तियो कों मांगा जिस पर महाराज कहते हे कि आज जब हमारे पास विपत्तियां आती तब ही हम भगवान को याद करते है सुख संपत्ति आते भोग विलास के जीवन को अपनाने लगते यही हमारे पतन का कारण बनता है साथ ही अश्वस्थामा की कथा एवं रानी उत्तरा के गर्भ के पल रहे परीक्षित की किस प्रकार भगवान श्री कृष्ण ब्रह्मअस्त्र से रक्षा करते है की कथा विस्तार पूर्वक सुनाई गई वही उन्होने कलयूग प्रवेश तथा राजा परीक्षित की कथा के साथ साथ सुमधूर भजनो का गायन भी किया इन भजनो पर भक्त जन थिरकते हुए नजर आयें वही इस दौरान बडी संख्या में श्रोता एवं भक्तजन उपस्थित रहें ।

# विधायक शर्मा हो सकते है मंत्रीमंडल में शामिल

**अभिषेक कुशवाह**

**सिरोंज ।**मध्यप्रदेश में भाजपा के द्वारा पूर्ण बहुमत के साथ अपनी सरकार बना ली वही मुख्यमंत्री के निर्णय को लेकर सोमवार को विधायक दल की बैठक भी आयोजित की गई जिसमे उज्जैन दक्षिण से विधायक एवं पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव को सर्व सहमति से मुख्यमंत्री चुना गया वही यदि हम विदिशा जिले की बात करें तो यहां भी भाजपा ने पूरी 5 सीटो पर ही अपनी विजय पताका फहरा कर यह सिद्व किया है कि विदिशा जिला भाजपा का गढ है वही सबसे अधिक मतो से सिरोंज -लटेरी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा ने सबसे बडी जीत हासिल की है ।सिरोंज लटेरी विधायक उमाकांत शर्मा की जिले मैं सबसे बड़ी जीत के साथ ही सोशल मीडिया से लेकर से राजनैतिक गलियारो में श्री शर्मा को मंत्री बनायें जाने की चर्चायें तेजी से हो रही है इसका एक बडा कारण यह है कि श्री शर्मा जहां दो बार के विधायक है तो वही भाजपा जिला अध्यक्ष जैसे पदो पर



रहकर पार्टी को शिखर पर पहुंचाने का कार्य किया है वही श्री शर्मा बेहतर मैनेजमेंट , कुशल नेतृत्व कर्ता एवं पार्टी के प्रति सदैव समर्पित रहने के साथ साथ श्री शर्मा का संघ परिवार से भी गहरा रिश्ता रहा है हालांकि यह तय करना पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व का कार्य है ।

**लक्ष्मीकांत शर्मा ने मंत्री रहते हुए बहाई थी विकास रूपी गंगा-** विधायक उमाकांत शर्मा के मंझले भाई स्व. श्री लक्ष्मीकांत शर्मा दो पंचवर्षीयो में उच्च शिक्षा , धार्मिक , सांस्कृतिक खनिज सहित अन्य कई मंत्रालयो में मंत्री पद पर रहते हुए नगर सहित जिले मे विकास रूपी गंगा प्रवाहित की थी आज भी लंबा समय व्यतीत हो जाने के बाद भी जब कभी सिरोंज के विकास की चर्चा होती है तो सबसे पहले पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा के नाम की चर्चा होती है क्योंकि सिरोंज को जहां काले पानी की संज्ञा दी जाती थी ऐसे शहर मे शिक्षा , स्वास्थ्य से लेकर धार्मिक सांस्कृतिक विकास की बात हो या सडको के जाल बिछाने की बात हो या कोई और विकास कार्य हुआ हो वह हुआ है तो सिर्फ लक्ष्मीकांत शर्मा के अथक प्रयासो के कारण

**इनका है कहना** -भारतीय जनता पाटी ने विदिशा जिले की पांचो विधानासभाओ में बहुमत हासिल किया है वर्तमान सिरोंज लटेरी विधायक उमाकांत शर्मा कुशल नेतृत्व , अच्छे वक्ता , बेहतर मैनेजमेंट , सरल हृदय , पार्टी के प्रति समर्पण के लिये जाने जाते है इन्हें मंत्री मंडल में शामिल किया जायें ऐसी सभी कार्यकर्ताओ की मांग है लेकिन यह निर्णय भाजपा के वरिष्ठ नेतृत्व के द्वारा लिया जाना है -विनोद मडोतिया -भाजपा अजा मंडल अध्यक्ष देवपुर

# थाना भीकनगांव खरगोन पुलिस को नकबजनी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने मे मिली सफलता

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे**

**चोरी हुए लगभग 40,000/- रुपये जप्त**

**एक आरोपी गिरफ्तार**

आरोपी जेल से छूटते ही दुकानों व घरों को नकबजनी करने की योजना बनाता है। पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इन्दौर (ग्रामीण) श्री राकेश गुप्ता एवं पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री चन्द्रशेखर सिंह द्वारा जिला खरगोन में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं की पतारसी एवं अंकुश लगाने के निर्देश दिये गये थे। वरिष्ठ अधिकारियो से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री मनोहरसिंह बारिया (शहरी), श्री तरुणेन्द्रसिंह बघेल ( ग्रामीण ) अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, भीकनगांव श्री राकेश आर्य के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भीकनगाँव निरीक्षक मीना कर्णावत के नेतृत्व में पुलिस टीम को नकबजनी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में मिली बड़ी सफलता।

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-** दिनांक 10.12.2023 को फरियादी संदीप पिता रामचन्द्र




गुप्ता उम्र 36 वर्ष निवासी 15/11 हाऊसिंग बोर्ड कालोनी भींकनगांव ने रिपोर्ट किया कि दिनांक 09.12.2023 की रात्री मे मेरी दुकान की एक शटल के दोनों ताले तोड़कर गल्ले मे रखे करीबन 40,000/- रुपये कोई अज्ञात बदमाश चुराकर ले गया। उक्त घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर पुलिस टीम रवाना की गयी। जब दुकान के सीसीटीव्ही कैमरे को बारीकी से देखा तो पता चला कि उक्त व्यक्ति पहले भी कई बार घटना को अंजाम दे चुके हैं। खूफिया तंत्र द्वारा पता लगा कि उक्त व्यक्ति सत्या पिता थावरिया है, वह एक ङ्क दो दिन पहले ही जेल से रिहा हुआ है व आधतन अपराधी है। आरोपी की तलाश हेतु टीम खरगोन रवाना की गयी। पतारसी के दौरान आरोपी सत्या खरगोन बस स्टैंड पर पाया गया, जिसके कब्जे से करीबन 3,500/-रुपये प्राप्त हुए। सख्ती से पूछताछ के बाद बताया कि बाकी की रकम मैंने शहनाई गार्डन के आगे खेत की दीवाल के किनारे छुपा रखे हैं। टीम आरोपी को लेकर जब वहां पहुंची तो आरोपी ने गढ्ढा खोदकर रुपये पुलिस को बरामद कराये। गिरफ्तार आरोपियो के नाम - 1.सत्या पिता थावरिया जाति बारेला उम्र 19 साल निवासी ग्राम गोंटिया चौकी सिरवेल थाना भगवानपुरा हाल डाबरिया फाल्या खरगोन

**पुलिस टीम** – उक्त प्रकरण मे अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग भीकनगांव श्री राकेश आर्य के मार्गदर्शन एवं थाना इंचार्ज प्रभारी उनि रामआसरे यादव, उनि गोपालसिंह बघेल, सउनि लक्ष्मीनारायण पाल, आर.566 आशीष, आर.507 राकेश पाटिल, आर.645 धर्मेन्द्र यादव का सराहनीय कार्य रहा।

# बाल संरक्षण अभियान जागरूकता रथ को कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे**

आज 11 दिसंबर को खरगोन कलेक्ट्रेट कार्यालय से किशोर सशक्तिकरण एवं बाल विवाह निषेध कार्यक्रम के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग एवं ममता- एचआईएमसी संस्था द्वारा जिले के आकांक्षी विकासखंड भगवानपुरा में बाल अधिकार, बाल विवाह रोकथाम, एवं बाल संरक्षण के लिए एक जागरूकता रथ ÷बाल संरक्षण अभियान÷ कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री जेएस बघेल, महिला एवं बाल विकास विभाग की सहायक संचालक, जनसंपर्क अधिकारी, पीजी कॉलेज प्राचार्य भी उपस्थित थे। जिले में आकांक्षी विकासखंड भगवानपूरा की 10 ग्राम पंचायत ली गई है। इन 10 ग्राम पंचायतों में जागरूकता रथ 11 से 15 दिसम्बर 2023 तक बाल अधिकार, बाल विवाह, हेल्पलाइन नम्बर के बारे में जन समुदाय में जागरूकता लाने के लिए भ्रमण करेगा।यह रथ 12 दिसंबर को धुलकोट, काबरी ग्राम पंचायत में, 13 दिसंबर को बाड़ीखुर्द, भग्यापुर ग्राम पंचायत में, 14 दिसंबर को अम्बाखेड़ा, जामनिया पानी ग्राम पंचायत में एवं 15 दिसंबर को भगवानपुरा, बाड़ी और खरगोन के भ्रमण पर रहेगा।

# पीजी कॉलेज में प्राध्यापकों ने अलग-अलग भाषाओं में दिया उद्बोधन

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे**

शासकीयस्नातकोत्तर महाविद्यालय खरगोन में भाषाई विविधता का उत्सव मनाने के उद्देश्य से आज 11 दिसंबर को प्रचार्य श्री आर.एस. देवड़ा के मार्गदर्शन में और हिंदी विभाग प्रमुख डॉ. गायत्री चौहान की अध्यक्षता में विविध भाषाओं की पृष्ठभूमि से संबंध रखने वाले प्राध्यापकों ने अपनी-अपनी भाषा में



भाषण स्वरूप जानकारी प्रस्तुत की।इस दौरान क्रीड़ा अधिकारी डॉ. गगन चौधरी ने ब्रज भाषा में, ग्रंथालय प्रभारी डॉ. गोविंद यादव ने अवधी भाषा में, प्रो. गगन पाटीदार ने मालवी भाषा में प्रो. अकबर अली ने उर्दू व डॉ. तुषार जाधव ने मराठी भाषा में उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वैशाली मौर्य ने किया और आभार डॉ. सी.एस. चौहान ने प्रकट किया गया। कार्यक्रम में रुचिका पाटीदार, गौतम भालसे, राज निहाले आदि छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय सीरवी समाज शूटिंग वालीबॉल प्रतियोगिता महाकुंभ के लिए मैदान का किया निरीक्षण

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

**मुम्बई-** सीरवी नवयुवक मंडल नालासोपारा व आईमाता स्पोर्ट्स क्लब नालासोपारा के तत्वाधान में अखिल भारतीय सीरवी समाज शूटिंग वालीबॉल प्रतियोगिता महाकुंभ का आयोजन दो दिवसीय 28 , 29 दिसंबर को आईजी मैदान नालासोपारा मुम्बई में आगाज होगा। जिसमें अनेक राज्यों की टीमें भाग लेगी। रविवार को अध्यक्ष सोहनलाल वरपा ,



उपाध्यक्ष महेंद्र काग, सचिव शेषाराम सेप्टा , कोषाध्यक्ष पुखराज काग , पूर्व अध्यक्ष मानाराम काग , पूर्व अध्यक्ष मोड़ाराम सोलंकी, पूर्व सचिव मनाराम काग, पूर्व कोषाध्यक्ष नैनाराम सेप्टा एंव खमिाराम काग, सोहनलाल सेंणचा, पुराराम ने महाकुंभ के मैदान का निरीक्षण किया। सोहनलाल वरपा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश के अनेक राज्यों से समाज के खिलाड़ी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि समाज में एक से बढ़कर एक की खेल प्रतिमा छुपी है

# शैलेश अग्रवाल उर्फ सोनू बने वैश्य महासम्मेलन के तहसील अध्यक्ष।

**औबेदुल्लागंज।**समाज के युवा कार्यकर्ता शैलेश अग्रवाल उर्फ सोनू को वैश्य महासम्मेलन का गोहरगंज तहसील का तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया है! प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता तथा संभाग अध्यक्ष बीके गुप्ता की अनुशंसा पर समाज के जिला अध्यक्ष विनोद जैन आर एन जी द्वारा उनकी नियुक्ति सोमवार को की गई है! गोहरगंज तहसील में शैलेश अग्रवाल जी को नवीन तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया है!जिनका आज शाल श्रीफल से सम्मान भी किया गया! साथ में चार आजीवन सदस्यों की सदस्यता कराई गईशैलेश अग्रवाल सोनू की नियुक्ति पर महिला रायसेन जिला अध्यक्ष श्रीमति नमीता अग्रवाल, औबेदुल्लागंज जैन समाज के अध्यक्ष राजीव जैन, बागिश अग्रवाल ,अमित जैन सहित अन्य लोगों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है!

भारतीय पत्रकार संघ की राष्ट्रीय बैठक में लिए गए कई निर्णय

# 12 राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष सहित राष्ट्रीय पदाधिकारी रहे शामिल




रघुवर दयाल गोहिया

मुंबई। भारतीय पत्रकार संघ %एआईजे% द्वारा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की नियमित वार्षिक बैठक का आयोजन रविवार को अंधेरी वेस्ट, मुंबई के कंट्री क्लब में संपन्न हुआ। इस अहम बैठक से पूर्व संगठन की अधिकृत समिति द्वारा देश के समस्त राज्यों के 2 जोन बनाकर 2 राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष के मनोनयन पर बहुमत से समिती दर्शाई गई। इसमें जोन एक में एमएस शेख को राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष तथा जोन 2 में किरण गोगोई आसाम को राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष की नियुक्ति की घोषणा की गई। इस अवसर पर किरण गोगोई ने शेष राष्ट के पदाधिकारियों की बैठक कोलकाता में करने की घोषणा की।इसी के साथ के साथ राष्ट्रीय प्रवक्ता, राष्ट्रीय सचिव, महासचिव, उपाध्यक्ष तथा लीगल विंग, यूथ विंग एवम वूमेन विंग के नेशनल चेयरमैन पद पर भी नव नियुक्त कार्यवाहक अध्यक्ष ने आपसी सहमति से नियुक्तियां प्रदान कीं।%एआईजे% की राष्ट्रीय साधारण सभा की बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन, उपाध्यक्ष अजीजुद्दीन शेख, राष्ट्रीय महासचिव मनोहर मंडलोई, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी शाहनवाज शेख, यूथ चेयरमैन संदीप जैन सहित 30 से अधिक राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं 12 राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष तथा महासचिव उपस्थित थे।बैठक में पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन ने बताया कि दसवें वर्ष भी एजीएम बैठक का आयोजन आज मुंबई में किया गया। हम संगठन के बढ़ते कार्यों के मद्देनजर देश के अधिकांश राज्यों में फैल चुके हैं। आज पत्रकारिता के क्षेत्र में संगठन द्वारा पत्रकारों के हितों में हर समय उचित कदम उठाए जा रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य तथा पत्रकारों पर आई हुई आपदा पर संगठन पूरी शक्ति के साथ पत्रकारों के हित में सदैव तत्पर है।इस अवसर पर एक नाबालिग बच्ची को अपनी जान पर खेलकर रेलवे स्टेशन पर बचाने वाले सैय्यद बाबू को भी सम्मानित किया गया।राष्ट्रिय उपाध्यक्ष दिलीप खाचर ने संगठन की समाजिक सरोकार वाली गतिविधियों की जानकारी दी।राष्ट्रीय उपाध्यक्ष फारुख राउल बावा, ध्रुव सिंह, तथा राष्ट्रीय सचिव सुभाष पांडे एवम मप्र यूथ चेयरमैन उमेश चौहान ने एआईजे की दस वर्षों की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।वूमेन विंग की राधिका बहल, माया




बहन, रंजिता शर्मा, दीपा भारद्वाज तथा



दक्षा बहन ने अपने विंग के दायित्व प्राप्त कामकाज को बेहतर तरीके से बताया। लीगल सेल के राष्ट्रीय महासचिव एड. कैलाश पराठे, महाराष्ट चेयरमैन एड. पांडुरंग पाटिल, एड. योगेश तुपे ने अपने क्रियाकलाप को उपस्थित पदाधिकारियों के समक्ष रखा। उन्होंने सभी साथियों को विश्वास दिलाया की पत्रकार जगत के हितार्थ लिगल विंग सदैव तत्पर हैं।संगठन के राष्ट्रीय महासचिव मनोहर मंडलोई द्वारा कार्यक्रम का संचालन करते हुए उपस्थित पदाधिकारी को संगठन की नई रूपरेखा बताई गई। साथ ही समस्त विंग को भंग करते हुए नए पदाधिकारी की घोषणा की गई। उन्होंने बताया कि देश में संगठन तेज गति से फैल रहा है। संगठन निशुल्क निस्वार्थ पत्रकारों को जोड़ने वाला राष्ट्रीय परिवार है और हम सब उस परिवार का हिस्सा है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजीजुद्दीन शेख ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज देश में सांप्रदायिक सद्भावना की बहुत जरूरत है। पत्रकारों के बीच भी सद्भावना बनी रहना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि एआईजे द्वारा सांप्रदायिक सद्भावना को भी महत्व दिया जाता है जिससे संगठन विश्वसनिय तरक्की की ओर कदम बढ़ा रहा है। इसी के चलते एआईजे ने 500 से अधिक जिलों में अपना विस्तार कर लिया है और एआईजे साथी देश निर्माण में अपना योगदान दे रहे हैं।इस अवसर पर गुजरात प्रदेश अध्यक्ष हनीफ भाई चौथिया तथा मध्यप्रदेश अध्यक्ष किशोर दादा दग्गी ने भी आगामी माह में अपने राज्य की वार्षिक बैठक की घोषणा की। इन प्रस्तावित बैठकों में राशिद शेख़, गोपाल जी मारवाड़ी, संजय शर्मा, निर्मल सोलंकी, सुभाष पांडे तथा इमरान कड़ोडिया ने अपनी ओर से पर्याप्त सहयोग की घोषणा की। बैठक में आभार मानते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन पाठक ने कहा कि पत्रकारों को भी चाहिए कि वह समाज में सेवा के रूप में सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा दें।कार्यक्रम आयोजन में किरण सोनावने, तेनूर शैख, सिकंदर नदाफ, शोएब मियानूर, अजय यादव का सराहनीय सहयोग रहा।बैठक पश्चात प्रखर पत्रकार साथियों को रचनात्मक पत्रकारिता सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया।बैठक के समापन से पहले महाराष्ट प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल मारवाड़ी की माता जी के विगत दिनों हुए निधन पर उपस्थित जन ने शोक व्यक्त कर श्रद्धांजली अर्पित की।

# सीएम हेल्पलाईन में 50 दिवस से अधिक की शिकायतों पर फोकस करें

## समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में समीक्षा

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

सतना सोमवार को संपन्न समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में निर्वाचन के बाद सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की गई। सीईओ जिला पंचायत डॉ परीक्षित झाड़े ने कहा कि सीएम हेल्पलाईन में लगभग 22 हजार से अधिक शिकायतें निराकरण के लिये लंबित हो गई हैं। सतना जिला 20वें पायदान पर है। निर्वाचन समाप्ति के पश्चात पूरी ऊर्जा के साथ सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में जुटें। उन्होने विभागवार सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा में कहा कि सभी विभाग संतुष्टिपूर्ण निराकरण और 50 दिवस से अधिक दिनों की शिकायतों पर विशेष फोकस करें। ताकि जिले की ग्रेडिंग में सुधार लाया जा सके। इन शिकायतों में सर्वाधिक 5861 राजस्व, 1978 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, 1852 महिला बाल विकास, 1792 ऊर्जा और 1768 पुलिस से संबंधित शिकायतें लंबित हैं। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में बताया गया कि सतना जिले में 73 हजार से अधिक किसान पंजीकृत हैं। जिनमें 706 किसानों से खरीदी की गई है। अब तक 34 खरीदी केंद्र चालू हो गये हैं। खाद्यान्न वितरण में बताया गया कि नवंबर माह का 84 प्रतिशत खाद्यान्न का उठाव हो गया है। दिसंबर के खाद्यान्न वितरण में मोबाईल सीडिंग आवश्यक है। जल जीवन मिशन की समीक्षा में बताया गया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 220 नवीन योजनायें एवं रेट्रोफिटिंग की नल जल योजनायें तैयार की जा रही हैं। सतना-बाणसागर सामूहिक ग्रामीण जलप्रदाय योजना की धीमी प्रगति पर सीईओ जिला पंचायत ने अप्रसन्नता व्यक्त की और जल निगम के अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। अधिकारियों ने बताया कि प्रिटनल के 50 गांवों में जल प्रदाय किया जा रहा है। टनल का 600 मीटर लाइनिंग कार्य कर लिया गया है। इस माह 120 गांव में पानी पहुंचाने का लक्ष्य है। पिछले 2 माह में 12 टंकियां कंप्लीट कर ली गई हैं। कुल मिलाकर 69 टंकियां पूर्ण कर ली गई हैं। फेज-2 में 269 टंकियों के निर्माण की अनुमति प्रस्ताव भेज दिये हैं। लगभग 100 किलोमीटर में पाइपलाईन बिछाई जा रही है।

# आदिवासी नेता विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री चुने जाने पर प्रदेश में उत्साह देखने को मिल रहा



रायपुर संवाददाता किरीट तिवारी

रायपुर । विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ में भाजपा को भारी बहुमत मिलने के बाद आज नये मुख्यमंत्री कुनकुरी विधायक एंव पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय को चुना गया, जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री विभा अवस्थी ने विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री चुने जाने पर बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ प्रदेश श्री साय के नेतृत्व में तेजी से विकास करेगी विष्णुदेव साय पूर्व में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सहित केन्द्रीय मंत्री रह चुके है और आदिवासी नेता विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री चुने जाने पर प्रदेश में उत्साह देखने को मिल रहा है। छत्तीसगढ प्रदेश की जनता केन्द्र की मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास के नीतियों पर मुहर लगाया है। अब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में आगामी प्रदेश विकास की एक नई गाथा लिखेगी। प्रदेश महामंत्री विभा अवस्थी ने विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री चुने जाने पर बधाई दी है

# विश्व एड्स दिवस पखवाड़े के अन्तर्गत विद्यालय में निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित

विश्व एड्स जन जागरूकता पखवाड़े के अंतर्गत देवास जिला नोडल अधिकारी डॉ. शिवेंद्र मिश्रा के आदेशानुसार एवम बीएमओ डॉ. लोकेश मीणा के मार्गदर्शन में एक निजी विद्यालय में सिविल हॉस्पिटल कन्नौद की टीम के द्वारा बच्चो की निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमे सिविल हॉस्पिटल कन्नौद से एसटीएलएस दिनेश शर्मा द्वारा बच्चों को बताया गया कि एड्स बीमारी लाइलाज है। केवल इसका एक ही इलाज हैं ,जानकारी ही बचाव है। साथ ही अगर यह बीमारी किसी को हो जाती है तो उसके साथ बुरा व्यवहार नही करना चाहिए। यह बीमारी छूने से नहीं फैलती हैं। आईसीटीसी काउंसलर ज्ञानसिंह मालवीय द्वारा बीमारी के होने के कारणों को विस्तार पूर्वक बताया एवं यह भी बताया कि 1097 टोल फ्री नंबर है। जिस पर सभी जानकारी उपलब्ध हैं एवं इसके उपरांत बच्चो द्वारा हॉस्पिटल से आई टीम से कई तरह के प्रश्न पूछे गये जिसके जवाब टीम द्वारा देकर बच्चो को संतुष्ट किया। संस्था के प्राचार्य द्वारा सभी बच्चों को समझाईश दी गई कि सभी बच्चे अच्छा खान-पान एवं उचित दिनचर्या का पालन करे तथा जो जानकारी आपको स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा दी गई। उसे सभी लोगो तक पहुंचाए।इसके उपरांत बच्चो को पारितोषिक (शिल्ड)वितरण भी किया गया। इस कार्यक्रम में ओआरडब्लू प्रवीण वर्मा एवम संस्था के सभी शिक्षक उपस्थित थे।




26 जनवरी तक चलेगी "विकसित भारत संकल्प यात्रा"

# टीएल की बैठक में जिला अधिकारियों को दिशा-निर्देश



पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

सतना भारत सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं से लक्षित हितग्राहियों को समयबद्ध तरीके से लाभान्वित करने और कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जनजागरुकता लाने पूरे प्रदेश के साथ-साथ सतना जिले में भी 26 जनवरी तक विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए सीईओ जिला पंचायत डॉ परीक्षित झाड़े ने संकल्प यात्रा के आयोजन की तैयारी के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सोमवार को समय-सीमा की बैठक में अपर कलेक्टर ऋषि पवार, एसडीएम नीरज खरे, एसके गुप्ता, सुधीर बैक, अधीक्षण यंत्री विद्युत जीडी त्रिपाठी सहित जिला विभाग प्रमुख अधिकारी, जनपद सीईओ तथा नगरीय निकायों के सीएमओ उपस्थित रहे। समय-सीमा की बैठक में सीईओ जिला पंचायत डॉ झाड़े ने बताया कि संकल्प यात्रा की शुरुआत की दिनांक अभी तय नहीं है। लेकिन यह यात्रा 26 जनवरी 2024 तक अनवरत जारी रहेगी। सतना जिले के 8 जनपद और नगरीय क्षेत्र के लिए कुल 10 आईईसी वैन पहुंच रही हैं। जो अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के नेतृत्व में उनके अनुविभाग क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी इलाकों में जागरूकता के कार्यक्रम करेंगी। शहरी क्षेत्र में प्रति 10 हजार की जनसंख्या पर कार्यक्रम होगा। जिनमें पिछड़े, स्लम एरिया और सघन बस्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी। आईईसी वैन के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने से पूर्व संबंधित विभागों द्वारा योजनाओं का प्रचार प्रसार हितग्राही के आवेदन चयन की कार्यवाही एवं निराकरण की कार्यवाही कर ली जाएगी। प्रत्येक कार्यक्रम में आईईसी वैन का स्वागत, माननीय प्रधानमंत्री जी का संदेश प्रसारण, संकल्प वीडियो, विकसित भारत का प्रदर्शन, फिल्म का प्रदर्शन और मेरी कहानी-मेरी जुबानी लाभार्थियों के व्यक्तिगत अनुभव साझा किए जाएंगे। तकनीकी क्षेत्र में खेती-किसानी से संबंधित जानकारी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में धरती कहे पुकार के, स्वच्छता गीत, प्रश्नोत्तरी और लाभार्थियों को हितलाभ वितरण तथा उपलब्धियों पर सम्मान आदि के कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम स्थल पर हेल्थ कैंप होगा। जिसमें सामान्य स्वास्थ्य जांच की सुविधायें रहेंगी। कार्यक्रम के दौरान उज्ज्वला योजना के आवेदन लिए जाएंगे। किसान, पशुपालक, मछुआरों के क्रेडिट कार्ड भी बनाए जाएंगे। आधार कार्ड अपडेशन के लिए भी कैंप लगेंगे। राज्य स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा नगरीय क्षेत्रों के लिए नगरीय प्रशासन नोडल विभाग होगा। राज्य स्तर पर आयुक्त किसान कल्याण एवं कृषि विकास को नोडल अधिकारी तथा जिला स्तर पर सीईओ जिला पंचायत नोडल अधिकारी होंगे। नगरीय निकायों में आयुक्त, सीएमओ नोडल अधिकारी होंगे। जिला स्तर, नगरीय निकाय स्तर और जनपद तथा ग्राम पंचायत स्तर पर क्रियान्वित समितियां बनाई गई हैं। शामिल योजनायें-ग्रामीण स्तर पर संकल्प यात्रा में आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास ग्रामीण, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, जल जीवन मिशन, स्वामित्व, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक, स्वाइल हेल्थ कार्ड, उन्नत कृषि यंत्र जैसे कार्यक्रम शामिल किये गये हैं। शहरी क्षेत्रों में आयोजित अभियान में सम्मिलित योजनाओं में पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्जवला, पीएम मुद्रा लोन, स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया, आयुष्मान भारत, पीएम आवास शहरी, स्वच्छ भारत शहरी, उजाला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि योजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान, खेलो इंडिया, आरसीएस उड़ान, वंदे भारत ट्रेन और अमृत भारत स्टेशन योजना को शामिल किया गया है। भारत सरकार एवं पीएमओ द्वारा इस यात्रा की मॉनीटरिंग समीक्षा पोर्टल पर की जायेगी। सतना जिले के लिये शहरी क्षेत्रों में 4 बड़ी वैन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 6 छोटी वैन मिलाकर कुल 10 आईईसी वैन उपलब्ध हो रही हैं।



# सिन्धु युवा पीढ़ी को भटकने से बचाने के लिये समाज के संगठनो की भूमिका जरूरी- देवानंद फेरवानी

## व्यापार के साथ परिवार पर भी ध्यान देने की जरूरत

**पुष्पांजली टुडे**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

**रीवा।** सिन्धु सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवानंद फेरवानी एवं एडवोकेट गौरव शर्मा राष्ट्रीय कानून सलाहकार के नगरागमन पर प्रदेश संरक्षक नारायण डिगवानी, प्रदेश युवा अध्यक्ष सुमित मॉजवानी जिलाध्यक्ष राकेश आसवानी राकी ने स्वागत एवं अगवानी की। होटल रामा पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में श्री फेरवानी ने स्थानीय एवं समाज की समस्याओं के बारे में चर्चा करते हुये कहा कि आज सिन्धु समाज पश्चिमी सभ्यता के प्रदूषित प्रभावो से घिर गया है आज युवा पी?ी भटक रही है, दौलत के दंभ में ऐश्वर्य



शाली जीवन के साथ नशे जैसे बुराईयों के संपर्क में आती जा रही है। दूसरे समाजो में प्रेम विवाह करने एवं विवाहेत्तर समस्याओं के चलते शादियॉ टूटने की समस्या आम हो रही है। सिन्धु पंचायतो की प्रभावशाली एवं दुरगामी भूमिका ना होने से सामाजिक ताना बाना छिन्न भिन्न हो रहा है। दिखावे की संस्कृति के चलते चोंचलेबाजी ब?ती जा रही है, जिससे गरीब तबका अपने को अलग-अलग महसूस कर रहा है। सिन्धु समाज अपनी सांस्कृतिक, धार्मिक एवं राष्ट्रीय धरोहरो को संजो पाने में भी पूरी तरह सफल नही हो पा रहा है जिसकी आज वास्तव में अगुआ सिन्धु नेतृत्व को करने की जरूरत है। रीवा नगर में ही सिन्धु समाज की आनबान शान कहलाये जाने वाले अमर शहीद हेमू कालानी की मूर्ति की स्थापना एवं चौक निर्माण में उदासीनता इस बात की परिचायक है कि हमारा समाज कितना जागृत है। इस अवसर पर नगर के गणमान्य लोगो के साथ रीवा जिला इकाई के उपाध्यक्ष रामचंद्र मदनानी, दीपक बाधवानी, राजेश बजाज, संतोष बाधवानी उपस्थित रहे।

**सुमित मांजवानी**
**युवा शाखा प्रदेश अध्यक्ष**
**मध्य प्रदेश**

# सीएम हेल्पलाइन में लापरवाही बरतने वाले प्राचार्यो के खिलाफ हो सकती है कार्यवाही, बीईओ ने दी चेतावनी

**पुष्पांजली टुडे**
**शिवम तिवारी**

रीवा। विकासखंड शिक्षा अधिकारी रीवा राम लल्लू दीपांकर ने बताया कि सी.एम हेल्प लाइन की शिकायतों को सीएम हेल्पलाइन ग्रुप में बार-बार भेजने के बावजूद कतिपय संकुल प्राचार्य द्वारा निराकरण के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही की जा रही है। जिसके कारण पूरा विभाग परेशान होता है और जिले की ग्रेडिंग प्रभावित होती है। अतः सभी संकुल प्राचार्यों से आग्रह है एवं चेतावनी दी जा रही है कि सीएम हेल्पलाइन ग्रुप को प्रतिदिन चेक करें और अपने संकुल की प्राप्त शिकायत को 3 दिवस के अन्दर कार्यवाही में लें। ऐसा नहीं करने पर आपके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु वरिष्ठ कार्यालय को प्रस्तावित किया जाएगा। जिसके लिए वह व्यक्तिगत उत्तरदाई होंगे । वीईओ श्री दीपांकर ने यह भी कहा कि प्राचार्यों की उक्त लापरवाही से मीटिंग एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अन्य वरिष्ठ अधिकारी प्रभावित होते हैं और उन्हें डांट खानी पड़ती है।



# विश्व मानवाधिकार दिवस पर आयोजित किया गया स्वास्थ्य शिविर




**पुष्पांजली टुडे**

रीवा। विश्व मानव अधिकार दिवस (10 दिसंबर) के उपलक्ष्य में मानव अधिकार आयोग की निर्धारित थीम बंदियों की स्वास्थ्य सुरक्षा तथा मानव अधिकार के अनुपालन में केन्द्रीय जेल रीवा में श्री अहमद रजा जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण रीवा की उपस्थिति में विधिक जागरुकता एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्री अभय मिश्रा डी.एल.ओ., श्री अनीष कुमार पाण्डेय अधिवक्ता, श्री मंजूर अहमद मंसूरी अधिवक्ता, सुश्री प्राची सिंह, सुश्री रश्मि सिंह एवं सुश्री रिदा शैरीन की गरिमामयी उपस्थिति में बंदियों को मानव अधिकार के संबंध में जागरूक किया गया। शिविर में जेल अधीक्षक श्री सतीश कुमार उपाध्याय द्वारा भी व्याख्यान दिया गया तथा बन्दियों को मानव अधिकारों के सम्बंध में अवगत कराया गया। साथ ही शिविर में बंदियों का उपचार एवं परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में श्री संजीव कुमार गेंदले उप जेल अधीक्षक, श्री श्याम सिंह कुशवाह सहायक जेल अधीक्षक, श्री राजेश शुक्ला संगीत शिक्षक की उपस्थिति सराहनीय रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में जेल स्टॉफ का सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा। जेल में परिरुद्ध बंदियों का उपचार एवं परीक्षण किया गया ।

# बिना फिटनेस दो बस जप्त और 9 पर चालानी कार्यवाही

**पुष्पांजली टुडे**
**शिवम तिवारी**

रीवा।परिवहन विभाग का जाँच अभियान आज यात्री वाहनों के विरुद्ध चलाया गया।जाँच अभियान आज मनिकवार सीतापुर मनगवा हनुमना एवं प्रयागराज , रीवा मार्ग पर चलाया गया । जाँच के लिए पहुँचने पर अवैध टैक्सी और आटो एकदम से मार्ग पर निकलने बंद हो गये।जाँच अभियान में आज द्विवेदी ट्रैवेल्स की दो बसे बिना फ़िटनेस के चलती हुई पायी गई । इन बसों पर फिटनेस से संबंधित कोई भी




दस्तावेज मौक़े पर उपलब्ध नही पाये गये। जाँच में इसके अलावा दो मालवाहक भी अवैध संचालन करते हुए पाए जाने पर परिवहन कार्यालय रीवा में जप्त किए गए । आज रविवार का अवकाश होने की वजह से स्कूल बसों की जाँच का कार्य बंद रहा।जाँच का कार्य परिवहन सुरक्षा स्क्वाड के साथ परिवहन चेकपोस्ट चाकघाट और परिवहन चेकपोस्ट हनुमना के स्टाफ़ के द्वारा भी किया गया।आज की कार्यवाही से 47000 रुपये का राजस्व अर्जित किया गया।

# हाई स्कूल कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा 5 फरवरी से

**पुष्पांजली टुडे**

रीवा।माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश द्वारा हाई स्कूल कक्षा 10वीं की वार्षिक परीक्षाएं 5 फरवरी 2024 से आरंभ हो रही हैं। हाई स्कूल की परीक्षा 5 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित की जा रही है। परीक्षा नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। परीक्षार्थी को प्रश्न पत्र शुरू होने से 10 मिनट पहले तक ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया जायेगा। प्रत्येक परीक्षार्थी का उपस्थिति पत्रक की फोटो से मिलान किया जायेगा। प्रवेश पत्र में भी फोटो लगाना अनिवार्य है। परीक्षार्थी यथा संभव पेयजल की बोतल स्वयं लेकर आएं। कक्षा 10वीं के नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों की परीक्षा का प्रथम प्रश्न पत्र सोमवार 5 फरवरी को हिंदी का होगा। बुधवार 7 फरवरी को उर्दू तथा शुक्रवार 9 फरवरी को संस्कृत तथा मंगलवार 13 फरवरी को गणित के प्रश्नपत्र होंगे। गुरूवार 15 फरवरी को मराठी, गुजराती, पंजाबी, सिन्धी के प्रश्नपत्र तथा केवल मूकबधिर विद्यार्थियों के लिए पेंटिंग एवं केवल दृष्टिहीन विद्यार्थियों के लिए संगीत की परीक्षा होगी। सोमवार 19 फरवरी को अंग्रेजी तथा गुरूवार 22 फरवरी को विज्ञान की परीक्षा होगी। सोमवार 26 फरवरी को सामाजिक विज्ञान तथा बुधवार 28 फरवरी को नेशनल स्किल्स क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क के समस्त विषयों तथा आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस का प्रश्नपत्र होगा।

# जनपद स्तरीय समीक्षा बैठकों का आयोजन

**पुष्पांजली टुडे**

रीवा। जनपद स्तर पर समीक्षा बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज 12 दिसंबर को रीवा में, 13 दिसंबर को गंगेव एवं मऊगंज में, 14 दिसंबर को रायपुर कर्चुलियान में, 15 दिसंबर को सिरमौर में, 16 दिसंबर को हनुमना में, 18 दिसंबर को त्योंथर में तथा 20 दिसंबर को नईग?ी, में जनपद स्तरीय बैठक आयोजित की गई है।मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि बैठक में नरेगा, प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन, वित्त के कार्यो, सीएम हेल्पलाइन आदि कार्यो की समीक्षा की जायेगी। उन्होंने जनपद के सीईओ को अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थिति के निर्देश दिये हैं।

# मनरेगा में श्रमिकों को ज्यादा से ज्यादा काम दे -कलेक्टर अजय श्रीवास्तव



**पुष्पांजलि टुडे**
**पुष्पेंद्र सिंह सेंगर**
**जिला ब्यूरो चीफ**

**मऊगंज** मऊगंज कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने जनपद पंचायत मऊगंज के सभागार में मऊगंज जिले के सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जनपद के इंजीनियरों तथा सभी अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की। मऊगंज जिले के तीनों जनपद के सभी अधिकारी मौजूद रहे। जिला पंचायत द्वारा चल रही विकास कार्यो का कलेक्टर द्वारा समीक्षा की गई ।एक-एक योजना पर विस्तृत रूप से अधिकारियों से जानकारी ली और उसके कार्यो की प्रगति की भी जानकारी ली ।मऊगंज कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे कार्यो में ज्यादा से ज्यादा श्रमिकों को रोजगार गारंटी योजना के तहत काम दें और जो भी अधूरे कार्य पड़े हैं उनको तत्परता से गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्माण करें। आज की बैठक में प्रमुख रूप से अपर कलेक्टर अशोक कुमार ओहरी तीनों जनपद के सीईओ इंजीनियर सहित तमाम अधिकारी बैठक में मौजूद रहे

# विकास पुरुष राजेंद्र शुक्ल जितनी बार जीते चुनाव, उतनी बार बने मंत्री! अब बने मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री

**पुष्पांजली टुडे**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो चीफ)**

रीवा। मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री के सीएम का नाम आखिरकार फाइनल हो गया है। उज्जैन दक्षिण से विधायक मोहन यादव एमपी के नए मुख्यमंत्री होंगे। वहीं राजेन्द्र शुक्ल और जगदीश देवड़ा डिप्टी सीएम बनेगें। राजेंद्र शुक्ल मध्यप्रदेश के रीवा से विधायक हैं और विंध्य के कद्दावर नेता के तौर पर उन्हें जाना जाता है।बता दें कि राजेंद्र शुक्ल चार बार कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। अपने चुनावी कैरियर में वह अब तक अजेय रहे हैं। खास बात है कि वह ऐसे विधायक हैं जिन्हें हर बार चुनाव जीतने पर मंत्री पंद मिला है।

**विंध्य के बड़े नेता हैं राजेंद्र शुक्ल**-रीवा विधानसभा क्षेत्र में विधायक राजेंद्र शुक्ल को कद्दावर नेता के तौर पर जाना जाता है। साल



2003 में उन्होंने पहली बार भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े और जीता था। इसके बाद लगातार वह रीवा से चुनाव जीतते आए हैं। साल 2018 में वह चौथी बार और अब 2023 में पांचवी बार विधानसभा चुनाव जीत चुके हैं।एमपी के डिप्टी सीएम की कुर्सी पाने वाले राजेंद्र शुक्ल सबसे पहले उमा भारती की सरकार में मंत्री बने। इसके बाद बाबूलाल गौर सरकार में भी उन्हें मंत्री पद मिला। शिवराज सिंह चौहान की सरकार में भी वह राज्य में कैबिनेट मंत्री रहे। बता दें कि वह अब तक 2003, 2008, 2013 और 2023 में मंत्री रह चुके हैं।

कब मिला कौन सा मंत्री पद?2003 में पहली बार रिकॉर्ड वोटों से विधानसभा चुनाव जीतने वाले राजेंद्र शुक्ल को आवास और पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) का पद दिया गया।2008 में वह रीवा विधानसभा क्षेत्र से दूसरी बार जीते। और इस बार उन्हें ऊर्जा और खनिज संसाधन मंत्री बनाकर मंत्रीपरिषद में शामिल किया गया।2013 की बात करें तो मध्य प्रदेश की 14वीं विधानसभा में चुनाव जीतकर आने वाले राजेंद्र शुक्ल को उद्योग नीति और निवेश संवर्धन मंत्री बनाया गया। इसके अलावा उन्होंने जनसंपर्क विभाग भी संभाला।बता दें कि 2018 में एमपी में कांग्रेस की सरकार बनी थी लेकिन 2020 में यह सरकार गिर गई और एक बार फिर भाजपा सत्ता में आई। इसके बाद 2023 में राजेंद्र शुक्ल को एक बार फिर यानी कुल चौथी बार कैबिनेट में जगह मिली।

सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं राजेंद्र शुक्लराजेंद्र शुक्ल की ङ्ग प्रोफाइल देखें तो पता चलता है कि वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। उन्हें 65000 से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं।

# नईगढ़ी में मिश्रा बस पलटी,दो दर्जन से अधिक लोग हुए घायल,3 की हालत गंभीर रीवा रेफर



**पुष्पांजलि टुडे**
**पुष्पेंद्र सिंह सेंगर**
**जिला ब्यूरो चीफ मऊगंज**

चाक से ढेरा की ओर जा रही मिश्रा बस नईगढ़ी तहसील कार्यालय से चंद कदम दूर आज अचानक पलट गई,जिसमें सवार यात्री घायल हो गए,जिन्हे पुलिस व स्थानीय जनों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी भेजा गया और 3 गंभीर रूप से घायलों को रीवा संजय गांधी हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया है,अन्य का उपचार नईगढ़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे चालू है

**सड़क निर्माण एजेंसी की लापरवाही,बन रही जनता का काल**-देवतालाव से लालगंज मोड़ तक बन रही रोड में इतने ज्यादा गढ्ढे हो चुके हैं कि रोज कोई-न-कोई दुर्घटना होती ही रहती है,अभी कुछ दिन पहले ही रिटायर्ड फौजी विकास गिरी की इसी रोड में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के कारण मौत हो गई और आज फिर एक बार मिश्रा बस भी इसी कारण से पलट गई और करीब 2 दर्जन से अधिक बस सवारी घायल हो गए है और 3 लोग गंभीर रूप से रीवा रेफर हैं

# भारतीय मानवधिकार एसोसिएशन ने मनाया विश्व मानवधिकार दिवस



दिनांक 10 दिसम्बर रविवार को विश्व मानवधिकार दिवस के उपलक्ष्य मे माननीय राष्टीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार शिक्षा आपके दुवार के तहत ग्राम सिधपुर मे प्राथमिक पाठ शाला मे स्कूल के बच्चों को पेन कापी चाकलेट का वितरण किया गया तत्पश्चात् ग्राम नन्ही टिहरी एंव सिध्दपुर मे चयनित कमजोर असहाय व्रध आदिवासियों को ठंड से बचने के लिए 50 कंबलों का वितरण किया गया इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष निगरानी महंत राम ऋष्ण दास जी मामुलिया प्रदेश सचिव निगरानी सतीश चंद्र खरे विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे अध्यक्षता रामबाबू साहू जिला अध्यक्ष ने की सभी उपस्थित लोगो को मानवधिकार के बारे में बताया कार्यक्रम मे महिला संरक्षण प्रमुख सुनीता अशोक खरे के द्वारा छात्र अंबर का जन्म दिन मनाया गया संगठन के पदाधिकारी गण व सदस्य गणो की उपस्थिति रही। कार्य क्रम के समापन के बाद सभी मानवधिकार एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा बांध सुजारा डेम की विजिट की गई ।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन 26 जनवरी तक यात्रा के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का लाभ वंचित पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जाएगा

## यात्रा के दौरान नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शिविरों का होगा आयोजन

**पुष्पांजली टुडे**

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से संबंधित अधिकारी योजनाओं की जानकारी जन जन तक पहुंचाकर हितग्राहियों को लाभान्वित करें - प्रभारी कलेक्टर

**रीवा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य प्रमुख योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खास तौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाना है। जन सामान्य में योजनाओं का प्रचार प्रसार एवं जागरूकता पैदा करना है। वंचितों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। लाभार्थियों के व्यक्तिगत कहानियों/अनुभव साझा करने के माध्यम से सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी एकत्रित करना है। यात्रा के दौरान प्राप्त आवेदन/जानकारी के आधार पर संभावित लाभार्थियों का नामांकन/चयन करना है। प्रभारी कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने विभागीय योजनाओं के प्रगति की समीक्षा करें तथा इस यात्रा के माध्यम से योजनाओं के क्रियान्वयन को गति प्रदान करें। यात्रा के दौरान जिला, जनपद एवं मैदानी अमला अपने लक्ष्य तय करें तथा हितग्राहियों को लाभान्वित करें। अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने



विकसित भारत संकल्प यात्रा की जानकारी देते हुए बताया कि यह यात्रा जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित की जाएगी । प्रचार प्रसार हेतु वीडियो वैन का उपयोग किया जाएगा। जिसमें आडियो, वीडियो, ब्रोसर आदि सामग्री उपलब्ध रहेगी। इनके भ्रमण का रूटचार्ट बनाया जाएगा। यात्रा के आयोजन हेतु जिला, जनपद, ग्राम एवं नगरीय निकायों के प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे, इसके अतिरिक्त, प्रत्येक कार्यक्रम के लिए डे नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। प्रत्येक दिन प्रत्येक कार्यक्रम की जानकारी गूगल शीट में देनी होगी। यात्रा के दौरान हितग्राहियों के सुझाव की वीडियो क्ली पिंग तथा सफलता की कहानियां भी पोर्टल में भेजनी होगी। यात्रा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित अभियान मे आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीन दयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, पीएम पोषण योजना, हर घर जल जल जीवन मिशन, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग,स्वाइल हैल्थ कार्ड उन्नत कृषि यंत्र वितरण आदि को शामिल किया गया है ।इसी तरह शहरी क्षेत्रों में आयोजित अभियान में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत , पीएम आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), उज्ज्वला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधौसंरचना आदि का यात्रा के दौरान लाभ हितग्राहियों को दिलाया जायेगा। बैठक में सहायक कलेक्टर सोनाली देव, जनपद के सीईओ, नगर परिषदों की सीएमओ तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# 12 गिरिल चोरी करने वाले शातिर चोरों को पुलिस ने लिया हिरासत में



अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी-** पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी रघुवंश सिह , श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं श्रीमान एसडीओपी महोदय संजय चतुर्वेदी के निर्देशन में थाना हाजा के अप. क्र. 211/23 धारा 379 भादवि के आरोपियान एवं मशरुका की तलाश हेतु त्वरित टीम तैयार कर रवाना किया गया बाद आरोपियान लोकेश राठौर पुत्र जगदीश राठौर उम्र 27 साल निवासी राठौर कालोनी नये थाने के पास ग्राम मोहना थाना मोहना जिला ग्वालियर तथा दिनेश राठौर पुत्र मिश्री लाल राठौर उमर 28 साल निवासी दीक्षित कॉलोनी, गुरुद्वारा के पास ग्राम मोहना थाना मोहना जिला ग्वालियर को कायमी के 05 घण्टे के अंदर पुलिस हिरासत में लिया गया । अपराध सदर का मशरुका 12 गिरिल (पोस्ट/एंगल) मय वाहन छोटा हाथी लोडिग वाहन क्रं. स्क्क31 रु0259 जप्त किया गया। कुल मशरूका कीमत करीब 3,80,000/- हजार रुपये के जप्त किया गया है । उक्त कार्यवाही मे निम्माकिंत फोर्स की अहम भूमिका रही ।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सुभाषपुरा उनि कुसुम गोयल, प्रआर 950 संजय यादव, प्रआर 197 अभय सिंह, आर 619 पवन कुमार,आर 274 धर्मेन्द्र शर्मा, आर.39 काले खान,आर.740 रविन्द्र शर्मा, आर.419 देवेन्द्र धाकड़, आर.1012 हरेन्द्र तोमर, आर.598 अर्जुन जाट, म.आर.1146 प्रीति राठौर, आर चालक 27 सोनू गुर्जर की अहम भूमिका रही

# हरिजन बस्ती के रहवासी कीचड़ में रहने को मजबूर

मुंगावली -दैनिक पुष्पांजली टुडे
संवाददाता जितेंद्र राय

पिपरई ग्राम पंचायत गरेंठी की हरिजन बस्ती में पिछले 3 साल से इस तरह कीचड़ भरे रास्ते से निकलने को मजबूर हैं। गांव के ही ग्राम पंच राजेंद्र सिंह सोलंकी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि हम काफी दिनों से देख रहे हैं कि ग्रामीण परेशान हो रहे हैं में जनपद सीओ और सरपंच से बात कर बताया जाएगा और आपकी सड़क सीसी डलवाई जाएगी ।हम गरीब बस्ती हरिजनों के घरों के सामने ना तो फर्श है, ना सफाई है,गंदा पानी घरों आगे गलियों में भरा है, जिससे मच्छर पैदा हो रहे हरिजन बस्ती वाले मच्छर के काटने से बीमार भी हुए हैं । बूढ़े और बच्चों को आवागमन में भारी परेशानी का 3 साल से सामना करना पड़ रहा है। हम गरीबों को राम भरोसे ही छोड़ दिया गया है। मात्र 50 फीट रास्ते में कीचड़ है यहां रास्ते में एक से दो फीट गहरे गड्ढे हैं । इस समस्या से हमे मुक्त कराकर सीसी सड़क बनाई जय ।




# मानव अधिकार किसी धर्म, जाति, लिंग, भाषा, क्षेत्र के आधार पर नहीं बल्कि नैसर्गिक रूप से प्राप्त होते हैं- अर्चना सिंह

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी-** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेन्द्र प्रसाद सोनी के निर्देशन में एवं जिला न्यायाधीश/सचिव अर्चना सिंह की अध्यक्षता आज सोमवार को विधि महाविद्यालय शिवपुरी में मानव अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में रोहित श्रीवास्तव ने मानव अधिकार के इतिहास एवं वर्तमान पर प्रकाश डाला। कु.सोनाली मेहरोलिया ने आतंकवाद और मूल अधिकार की विश्लेषणात्मक चर्चा की। तैयवा कुर्रेसी ने विभिन्न सामयिक घटनाओं के परिणामस्वरूप कितने प्रतिशत मूल अधिकरों का उल्लंघन होता है आंक?ों के सहित सुझाव प्रस्तुत किये। वहीं सौम्या गौतम ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित की गई इस वर्ष की थीम प्रत्येक व्यक्ति स्वतंत्र और सुरक्षित हो पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक कुरूतियों के परिणामस्वरूप होने वाले मानव अधिकारों पर प्रकाश डाला एवं हर्षवर्धन गौड ने संक्षिप्त में मानव अधिकारों की जानकारी दी।विभिन्न छात्र-छात्राओं के विचार सुनने के उपरांत उनके द्वारा उत्पन्न संकाओं का समाधान करते हुए अर्चना



सिंह ने बताया कि 10 दिसंबर को मानव अधिकार दिवस इसलिए मानाते हैं क्योंकि 10 दिसंबर 1948 को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा नागरिकों के अधिकारों से संबंधित घोषणा पत्र एक साथ 48 देशों ने हस्ताक्षर किये थे। तत्पश्चात मैगनाकारटा से लेकर भारतीय संविधान में उपबंधित मूल अधिकारों पर चर्चा करते हुए बताया कि मूल अधिकार किसी धर्म, जाति, लिंग, भाषा क्षेत्र के आधार पर निर्भर नहीं करते और वह प्रत्येक नागरिक को समान रूप से प्रदान किये गये हैं।इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी डॉ.वीरेन्द्र कुमार चड़ार ने मूल अधिकार के संबंध में न्यायिक सक्रियता, लोकहित वाद, विधि का शासन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मूल अधिकारों की सुरक्षा में भारतीय न्यायपालिका की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। तत्पश्चात विधि विभागाध्यक्ष प्रो.दिग्विजय सिंह ने मूल अधिकारों के संबंध में बताया कि मैग्नाकार्टा लेख से पूर्व ही भारत की संस्कृति और परंपरा में मूल अधिकारों का अस्तित्व विद्यमान रहा है। महाभारत का युद्ध न हो इसलिए भगवान श्री कृष्ण द्वारा दिये गये प्रस्ताव को विभिन्न उदाहरण प्रस्तुत करते हुए भारत को प्राचीन समय से ही मूल अधिकारों का हिमायती बताया। साथ ही गोलकनाथ एवं केशवानंद भारती के मामले से उत्पन्न बेसिक स्ट्रक्चर की अवधारणा को बताया।कार्यक्रम का संचालन पीएलव्ही कृष्णकांत नामदेव ने किया। कार्यक्रम उपरांत राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित किये गये नागरिकों के सशक्तिकरण हेतु आउटरीच प्रोग्राम में सम्मिलित विधि विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। जिन्हें प्रमाण पत्र वितरित किये गये उन छात्र-छात्राओं के नाम अनुश्री चतुर्वेदी, मुस्कान रघुवंशी, अंशुल गौतम, पलक खंडेलवाल, राखी टैगोर, नीतू जाटव, रिचा नामदेव, राजवीर पिप्पल, पवन लोधी, दीपक भार्गव, अंजली जाटव, हेमा राठौर, कृष्णकांत झा, मुकुल पांडेय, पुष्पराज कोरकू, संदीप शर्मा, आदित्य दीक्षित, अमन शर्मा, सुकेन्द्र राय, आवेश वर्मा, शिवकांत झा, अंकित खत्री, सतेन्द्र राजावत, सिद्धांत जैन, प्रतीक श्रीवास्तव, अरविंद कुशवाह, आलोक दीप राहुल, आशुतोष कुशवाह, हर्षदीप जाटव, मुस्कान भार्गव, दिव्यांशी कुशवाह, खुशबू झा, अर्चना गुप्ता, वैष्णवी पांडेय, करिश्मा कुशवाह, अनुराधा कुशवाह के प्रमाण पत्र वितरित किये गये

# लक्सर पुलिस द्वारा दुपहिया वाहन चोर गिरोह के 02 सदस्य को किया गया गिरफ्तार, चोरी की 10 मोटर साईकिलें भी की गई बरामद




लक्सर/ कोतवाली पुलिस ने दुपहिया वाहन चोर गिरोह पर कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। कार्यवाही के दौरान दुपहिया वाहन चोर गिरोह के कब्जे से 10 मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। आपको बताते चले कि लक्सर क्षेत्र में इन दिनों वाहन चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। जिसमे पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही के बावजूद भी वाहन चोर गिरोह के होसलो पर कोई ?ास असर देखने को नही मिल रहा है। ऐसे में पुलिस द्वारा की जा रही कार्यवाही वाहन चोरो के सर के ऊपर से होकर गुजरती देखी जा रही है। वाहन चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने व पुरानी घटनाओं का खुलासा करने के लिए एसएसपी प्रवेन्द्र डोबाल द्वारा दिए गए निर्देशों पर पुलिस लगातार कार्य कर रही है। जिसके चलते लक्सर पुलिस कार्यवाही के दौरान दुपहिया वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को दबोचने में सफल हुई है। वही इस तरह वाहन चोरी की घटनाओं का खुलासा करने वाली लक्सर कोतवाली में गठित पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी कैमरा फुटेज को टटोलकर कुआखेड़ा चैकपोस्ट के पास से दुपहिया वाहन चोर के दो आरोपियों को चोरी की बाइक के साथ दबोचा गया है। दोनों आरोपियों ने पूछताछ में अपना नाम साजिद पुत्र इसरार निवासी रायपुर थाना कोतवाली लक्सर व लक्ष्मण पुत्र मामचंद निवासी मोहम्मदपुर बुजुर्ग थाना कोतवाली लक्सर बताया है। जिसमे आरोपियों ने बरामद एक मोटर साइकिल को कुछ दिन पहले कस्बा बाजार से चोरी करना बताया गया है। वही पुलिस ने आरोपियों की निशांदेही पर चोरी की अन्य 09 मोटरसाइकिलों को भी बरामद कर लिया है। लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि बरामद की गई 04 मोटरसाइकिलों के सम्बन्ध में पहले ही मुकदमा दर्ज है और अन्य 06 मोटरसाइकिलों के संबंध में जानकारी की जा रही है। गिरफ्तार दोनो आरोपियों को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पैस किया जा रहा है जहा से उन्हें न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया जाएगा। वही आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसएचओ राजीव रौथान, मनोज नोटियाल भिक्कमपुर चौकी प्रभारी, लोकपाल परमार सुल्तानपुर चौकी पर प्रभारी, मनोज गैरोला, अंशुल अग्रवाल, दीपक चौधरी, हरीश गैरोला, रियाज अली, पंचम प्रकाश, भूपेन्द्र सिह, शूरवीर सिह, टीकम सिह चौहान, रविन्द्र सिह, किशोर आदि मौजूद रहे।

# लक्सर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने झारखंड के कांग्रेस सांसद धीरू शाह का पुतला फूंका



लक्सर/ क्षेत्र के सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने आज लक्सर बालावाली तिराहे पर झारखंड के कांग्रेस सांसद धीरू शाह का पुतला फूंका। आपको बतादें की झारखंड के सांसद धीरू शाह के घर पर छापेमारी के दौरान 200 करोड़ से अधिक का काला धन प्राप्त हुआ है। जिसके विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा ओबीसी मोर्चे के जिलाध्यक्ष मनीष चौधरी की अगुवाई में कांग्रेस सांसद धीरू शाह का पुतला फूंकते हुए जमकर कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया है।इस मौके पर ओबीसी भाजपा के जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी व लक्सर के पूर्व अध्यक्ष अमरीश गर्ग सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने कहा की कांग्रेस ने 70 सालों तक देश में राज किया और लगातार भ्रष्टाचार किया है। जिससे हमेसा ही कांग्रेस के नेता हमेशा भ्रष्टाचार में लिख रहे नजर आते रहे हैं। इसका ताजा प्रमाण झारखंड के कांग्रेस सांसद धीरू शाह के घर पर मिली 200 करोड़ से अधिक काले धन की राशि है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पांच राज्यों में हुए चुनाव के दौरान जनता से कहा था। जिसमे उन्होंने गारंटी लेते हुए कहा था कि भ्रष्टाचार करने वाले बक्शे नहीं जाएंगे। भाजपा सरकार लगातार भ्रष्टाचार पर वार कर रही है और ऐसे ही काला धन इकट्ठा करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की कुटिल सोच और भ्रष्टाचारी नीतियों से देश की जनता पूरी तरह परिचित है। इसलिए आगामी 2024 में भी भाजपा को ही एक बार फिर केंद्रीय सत्ता मीलेगी और नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएगी। वही प्रदर्शन के दौरान भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी, डॉ. अजय गुप्ता, ऋषिपाल कश्यप, अजय वर्मा व अन्य सैकडो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पूरी पारदर्शिता के साथ आयोजित हो परीक्षा - कलेक्टर

# एमपीपीएससी परीक्षा की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक आयोजित

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी-** इस माह 17 दिसंबर 2023 को मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा और वन सेवा परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागी शामिल होते हैं। शिवपुरी जिले में एमपीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा के लिए आठ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सभी केंद्रों पर आयोग के निर्देशानुसार पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा का आयोजन किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने सोमवार को आयोजित बैठक में दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में डिप्टी कलेक्टर विजेंद्र यादव और सभी परीक्षा केंद्रों के केंद्र अध्यक्ष उपस्थित रहे।कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने कहा कि पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा आयोजित की जाए। परीक्षा कक्ष में जो व्यवस्थाएं की जाना है, वह समय पर पूरी हों। किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस मोबाइल ले जाना वर्जित रहेगा। सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी की जाए।**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश-** दिया जाएगा। मान्ड़्य पहचान पत्रों मतदाता परिचय-पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, फोटोयुक्त बैंक



अभ्यर्थी अपने साथ प्रवेश-पत्र के अतिरिक्त निम्नांकित में से कोई एक मान्य फोटो युक्त मूल पहचान-पत्र अवश्य लाएँ। बिना मान्य पहचान-पत्र के परीक्षा-कक्ष में प्रवेश नहीं पासबुक, केन्द्र शासन/राज्य शासन/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/स्थानीय निकाय/अन्ड़य नियोक्ड़ताओं द्वारा जारी फोटोयुक्ड़त सेवा पहचान-पत्र, शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत अभ्यर्थियों के मामलों में शिक्षण संस्था के प्रमुख द्वारा जारी फोटो पहचान-पत्र, राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित नवीनतम फोटोयुक्त परिचय-पत्र शामिल है। अभ्यर्थी परीक्षा-कक्ष में उपस्थिति-पत्रक पर हस्ताक्षर करेंगे एवं निर्धारित स्थान पर अपने बाएँ हाथ के अँगूठे का अथवा बाएँ हाथ का अँगूठा न होने पर दाएँ हाथ के अँगूठे का निशान अवश्य लगाएंगे।

**वर्जित वस्तुएँ**-परीक्षा में इलेक्ड़ट्रॉनिक डिवाइस का प्रयोग रोकने के लिए परीक्षा-कक्ष में जूते-मोजे पहनकर प्रवेश वर्जित होगा। अभ्ड़यर्थी चप्ड़पल व सैंडल पहनकर आ सकते हैं। चेहरे को ढककर परीक्षा-कक्ष में प्रवेश वर्जित होगा। एसेसरीड़ जैसे- बालों को बांधने का क्लचर/बक्ड़कल, घड़ी, हाथ में पहने जाने वाले मेटेलिक/चमड़े के बैंड, कमर में पहने जाने वाले बेल्ड़ट, धूप में पहने जाने वाले चश्ड़मे, पर्स/वॉलेट, टोपी आदि वर्जिड़त है।

# लाईफ लाइन स्टेशन रोड पर लगा डिवाइडर का ग्रहण

मुंगावली -दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता जितेंद्र राय - नगर

रेलवे स्टेशन से इमली चौराहा तक सड़क के दोनों ओर किनारे पर भवन और दुकानें हैं एवं कॉलोनिया बसी हुई है सड़क के किनारे छोटी-छोटी दुकानें हैं जो कस्बे की बसींदों की आजीविका की एकमात्र सहारा है! परंतु नगर परिषद के गठन के पूर्व प्रशासक के नेतृत्व में नगर परिषद अधिकारियों की एवं प्रशासनिक अधिकारियों की दूरदर्शिता के अभाव में डिवाइडर का निर्माण कराया गया जिसमें कस्बा स्तर पर बहुत सारी खामियां हुई एक तो जहां कॉलोनिया बसी है उनका मार्ग जो मुख्य मार्ग से जुड़ता है उसके सामने डिवाइडर नहीं खोला गया मुंगावली नगर का और क्षेत्र का प्रसिद्ध मंदिर श्री राम इच्छा कुटी के सामने डिवाइड नहीं खोला गया रेलवे स्टेशन पर एकमात्र बैंक केनरा बैंक शाखा के सामने डिवाइडर नहीं खोला गया ना ही लोग स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के डिवाइडर नहीं खोला गया न जैन मंदिर के सामने डिवाइडर खोला गया ना स्टेशन रोड पर एकमात्र पेट्रोल पंप के सामने डिवाइडर खोला गया परिणाम आज दिन बच्चों एवं बुजुर्गों के डिवाइडर पर करते समय गिरने की घटनाएं आम हो गई हैं डिवाइडर की ऊंचाई लगभग 1 मी रखी गई है जो अनुचित है अन्य शहरों और कस्बों




की तरह मुंगावली नगर में डिवाइडर की ऊंचाई कम नहीं रखी गई जबकि स्टेशन रोड पर एक नहीं चार विद्यालय हैं शासकीय माध्यमिक विद्यालय तुलसी कॉलोनी, शीलोदय विद्यालय , सनराइज कान्वेंट स्कूल, महावीर हाई स्कूल जिनका प्रशासन द्वारा डिवाइडर निर्माण के समय ध्यान नहीं दिया गया और नगर के मार्ग को एक्सप्रेस वे के रूप में निर्माण अधिकारियों ने अपने वाहनों को दौड़ने के लिए निर्माण कराया जिसमें जनता की हितों का ध्यान नहीं रखा गया ना आमजन को होने वाली परेशानियों का विचार किया गया ना छोटे-छोटे दुकानदारों का ख्याल रखा गया जबकि जनता द्वारा इसके निर्माण के समय विरोध दर्शाया गया कोरोना काल की दूसरी लहर यानी प्रशासन का लंठुराज मैं बलपूर्वक जनता के विरोध को दबाकर डिवाइडर का निर्माण कराया गया और प्रशासन की तानाशाही जग जाहिर हुईविगत नगर परिषद चुनाव में जनता ने जनसंपर्क के दौरान तत्कालीन राज्य मंत्री बृजेंद्र सिंह से इसकी ऊंचाई कम करने और और उचित जगह-जगह पर खोलना मांग रखी थी जिस पर राज्य मंत्री द्वारा नगर परिषद चुनाव के बाद खोलने का आश्वासन दिया गया परंतु नगर परिषद चुनाव के बाद नहीं दिया गया विगत विधानसभा चुनाव में इस मांग को दोबारा उठाया जनमानस द्वारा जिस पर नगर परिषद अध्यक्ष के प्रतिनिधि नरेश वाल द्वारा आश्वासन दिया गया की विधानसभा चुनाव बाद मैं सुधार किया जाएगा परंतु इस पर गंभीरता से विचार करने का अभाव दिखाई दे रहा है

# अटल बिहारी वाजपेयी-भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संस्थानग्वालियर में हुआ 2 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का समापन





**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संस्थान, ग्वालियर ने हाल ही में 10-11 दिसंबर, 2023 को कंप्यूटर विजन और मशीन इंटेलिजेंस) का दूसरा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कंप्यूटर विज्ञान विभाग के द्वारा आयोजित किया। इस सम्मेलन में उन्नत शोध परिणामों को प्रस्तुत करने का मौका मिला, जिसमें कई प्रमुख वक्ताओं ने भाग लिया और आने वाले हृद्द और प्रौद्योगिकी के भविष्य के बारे में महत्वपूर्ण चर्चाएं की। सम्मेलन के दूसरे दिन दो प्रमुख नोट्स वार्ता आयोजित की गई। पहली बातचीत में सैंडिगो यूनिवर्सिटी यूएसए के प्रोफेसर सुनील कुमार ने एयरबोर्न यूएवी नेटवर्क के परिचय पर अपनी अंतर्दृष्टि रखी। उन्होंने बताया कि कैसे डीप क्यू लर्निंग ने संचार के लिए अन्य अनुमानी मॉडलों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन दिखाया। दूसरे व्याख्यान में दयालबाग शैक्षणिक संस्थान आगरा के प्रोफेसर वी. प्रेमप्रकाश ने एआई संचालित उपकरणों का उपयोग करके इंजीनियरिंग शिक्षा के विकास पर अपनी अंतर्दृष्टि रखी। उन्होंने बताया कि शिक्षा परिदृश्य के साथ शिक्षकों की भूमिका, मूल्यांकन तंत्र और शिक्षाशास्त्र कैसे बदलना चाहिए।

कंप्यूटर विजन और मशीन इंटेलिजेंस का दूसरा अंतरराष्ट्रीय सीवीएमआई सम्मेलन 2023 का समापन वलीडिक्टरी कार्यक्रम के साथ हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. विकास ठाकरे, वैज्ञानिक जी. एसोसिएट डीआरडीई रक्षा मंत्रालय ग्वालियर, रहे। भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संस्थान, ग्वालियर के कंप्यूटर विज्ञान विभाग के प्रमुख और2023 सम्मेलन के सामान्य अध्यक्ष प्रोफेसर कर्मवीर आर्य, सम्मेलन के सामान्य अध्यक्ष प्रोफेसर तोमोहिसा वाडा, सह-सामान्य अध्यक्ष प्रोफेसर शशिकला तपस्वी, सम्मेलन अध्यक्ष प्रोफेसर पी.के. सिंह भी मंच पर उपस्थित थे।सम्मेलन की रिपोर्ट सम्मेलन सचिव डॉ. संतोष राठौड़ द्वारा प्रस्तुत की गई. रिपोर्ट में उन्होंने बताया कि इन दो दिनों में जीवंत विचार-विमर्श, सार्थक सहयोग और उल्लेखनीय ज्ञान का आदान-प्रदान हुआ, जो वैश्विक शैक्षणिक जुड़ाव का सार दर्शाता है। सम्मेलन के दौरान उन्होंने बताया कि 4 मुख्य व्याख्यान आयोजित किए गए जिनमें रयुक्युस जापान, माल्टा यूनिवर्सिटी, सेंट डियागो यूनिवर्सिटी यूएसए और दयालबाग यूनिवर्सिटी आगरा के वक्ता शामिल थे। उनकी अंतर्दृष्टिपूर्ण प्रस्तुतियों ने विचारोत्तेजक चर्चाओं को जन्म दिया, मूल्यवान सार्थक दृष्टिकोण पेश किए, जिन्होंने सार्थक संवाद को बढ़ावा दिया और क्षेत्र की उन्नति में बहुत योगदान दिया।सम्मेलन में 10 सत्र शामिल थे, जिनमें 8 ऑफ़लाइन और 2 ऑनलाइन सत्र शामिल थे, जिसमें कंप्यूटर विज़न और मशीन लर्निंग के विषयों के विस्तृत स्पेक्ट्रम को शामिल किया गया था। यह सम्मेलन एक साल पहले आयोजित किया गया था और इसे दुनिया भर से 192 प्रस्तुतियों के साथ जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली थी। गहन समीक्षा प्रक्रिया के बाद, प्रस्तुतियों के लिए 77 उच्च गुणवत्ता वाले साथियों का चयन किया गयाइसी शृंखला में कॉन्फ्रेंस के अंत में सर्वश्रेष्ठ पेपर का पुरस्कार दिया गया। सर्वश्रेष्ठ पेपर प्रस्तुति के लिए अभिनव रत्न को प्रथम पुरस्कार और जेनन हयाशी को दूसरा पुरस्कार मिला अंत में प्रोफेसर पी.के. सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

## मध्यप्रदेश में मोहन सरकार 14 को लेगी शपथ



मध्यप्रदेश में नए मुख्यमंत्री का एलान हो चुका है। विधायक दल की बैठक में मोहन यादव को एमपी का नया सीएम बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यपाल से मिलकर इस्तीफा दे दिया। साथ ही मोहन यादव ने सरकार बनाने का दावा पेश किया है। 14 दिसंबर को नई सरकार शपथ ले सकती है।मध्य प्रदेश के भावी मुख्यमंत्री मोहन यादव ने राज्यपाल से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया है। खबर आ रही है कि 14 दिसंबर को नई सरकार शपथ लेगी। मोहन यादव के साथ कुछ ही नेता फिलहाल शपथ लेंगे। उसके बाद मंत्रिमंडल को विस्तार दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि राजेंद्र शुक्ल और जगदीश देवड़ा के साथ ही कुछ मंत्री शपथ ले सकते हैं। पार्टी का पूरा फोकस अब राष्टीय राजनीति यानी 2024 के लोकसभा चुनावों पर होगा और पार्टी का लक्ष्य राज्य की सभी 29 सीटों पर जीत हासिल करने पर रहेगा। पार्टी ने 2019 के लोकसभा चुनावों में छिंदवाड़ा छोड़कर राज्य की 29 में से 28 सीटों पर जीत हासिल की थी। भारतीय जनता पार्टी विधायक दल के नेता डॉ. मोहन यादव ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मुलाकात की। पार्टी की ओर से सरकार बनाने का दावा पेश किया। इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पार्टी पर्यवेक्षक व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर, पिछ?ा वर्ग मोर्चा के राष्टीय अध्यक्ष डॉ, के लक्ष्मण, पार्टी की राष्टीय सचिव आशा लाक?ा, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, विधायक नरेन्द्र सिंह तोमर, कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल व प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल उपस्थित थे।

## निर्वाचन समाप्ति के पश्चात निलंबित शस्त्र लायसेंस बहाल

ग्वालियर। विधानसभा निर्वाचन-2023 निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये जिला दण्डाधिकारी अक्षय कुमार सिंह ने ग्वालियर जिले के समस्त आर्म्स अनुज्ञप्ति निर्वाचन समाप्ति तक निलंबित कर शस्त्र पुलिस लाईन में जमा करने के आदेश पारित किए थे। निर्वाचन समाप्ति के पश्चात आदेश जारी कर लायसेंसधारियों को उनके लायसेंस वापस करने के आदेश पारित किए हैं। जिला दण्डाधिकारी अक्षय कुमार सिंह ने अपने आदेश में स्पष्ट




किया है कि मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन हेतु कार्यक्रम जारी किया है। जिसके तहत ग्वालियर जिले के अंतर्गत एक सरपंच तथा 411 पंच पदों (जनपद पंचायत मुरार में 143, जनपद पंचायत भितरवार में 89, जनपद पंचायत घाटीगाँव में 27 तथा जनपद पंचायत डबरा में 152) के लिये निर्वाचन होना है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम के तहत यहाँ पर निर्वाचन होना है वहाँ के शस्त्र लायसेंस निलंबित रहेंगे। जिले के अन्य क्षेत्रों के शस्त्र लायसेंस बहाल करते हुए पुलिस अधीक्षक को कहा गया है कि पुलिस थानों एवं पुलिस लाइन में जमा शस्त्र विधिवत वापस किए जाएँ।

## बच्चों के समग्र विकास की नीति है, नयी शिक्षा नीतिः अतुल कोठारी



प्रसिद्ध भारतीय शिक्षाविद अतुल कोठारी शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के सचिव, शिक्षा बचाव आंदोलन समिति के राष्टीय सह संयोजक और भारतीय भाषा मंच के सह संरक्षक हैं। वे पिछले 10 वर्ष से शिक्षा बचाओ आंदोलन के जरिए राष्टीय पाठ्यक्रम, पाठ्य पुस्तकों में विकृतियों और विसंगतियों को दूर करने के लिए कार्य करते रहे हैं। कोठारी 2004 में , देश में शिक्षा बचाव आंदोलन की शुरुआत करने वालों में से एक हैं। शिक्षा बचाओ आंदोलन समिति को अस्थाई रूप से शुरू हुए आंदोलन को स्थाई रूप देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इन सब संस्थाओं और मंचों के माध्यम से भी वे निरंतर भारतीय भाषाओं का विषय उठाते रहे है। कोठारी शिक्षा उत्थान पत्रिका के संपादक हैं , जिसके माध्यम से वे शिक्षा और शिक्षा में भारतीय भाषाओं के उत्थान के लिए प्रयास करते हैं। हमारी विशेष संवाददाता वंदना विश्वकर्मा ने शिक्षा में विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और कौशल के विकास, उसे रोजगार परख बनाने तथा देश प्रेम की भावना को मजबूत करने आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा क

## मोहन यादव होंगे मध्य प्रदेश के अगले मुख्यमंत्री, जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ला बनेंगे डिप्टी सीएम



मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री के नाम को लेकर जारी सस्पेंस आखिरकार खत्म हो गया। राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर मोहन यादव के नाम पर मुहर लग गई है। भाजपा की विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से इनके नाम को मुहर लगी। इससे पहले भाजपा आलाकमान ने मनोहर लाल खट्टर, डॉ. के लक्ष्मण और आशा लक?ा को पर्यवेक्षक बनाकर सीएम चुनने की जिम्मेदारी सौंपी थी। पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में सोमवार को हुई विधायक दल की बैठक में मोहन यादव के नाम को फाइनल किया गया।

मोहन यादव उज्जैन दक्षिण विधानसभा सीट से विधायक हैं। मध्य प्रदेश में दो उपमुख्यमंत्री भी होंगे। इनके लिए जो दो नाम सामने आ रहे हैं, वे हैं- जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ला। जगदीश देवड़ा मल्हारगढ़ और राजेन्द्र शुक्ला रीवा से विधायक हैं। इसके अलावा स्पीकर पद के लिए नरेंद्र सिंह तोमर के नाम का एलान किया गया है।

**मोहन यादव के बारे में जानिए**-मोहन यादव का जन्म 25 मार्च 1965 को मध्य प्रदेश के उज्जैन में हुआ था7 मोहन यादव ने माधव विज्ञान महाविद्यालय से पढ़ाई की है। वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उज्जैन के नगर मंत्री का जिम्मा संभाल चुके हैं। मोहन 1982 में छात्र संघ के सह-सचिव भी चुने गए थे। वे भाजपा की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य और सिंहस्थ मध्य प्रदेश की केंद्रीय समिति के सदस्य, मध्य प्रदेश विकास प्राधिकरण के प्रमुख, पश्चिम रेलवे बोर्ड में सलाहकार समिति के सदस्य भी रह चुके हैं। 2013, 2018 के बाद अब वे 2023 में भी उज्जैन दक्षिण विधानसभा सीट पर चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। बता दें कि मोहन यादव के पास एलएलबी और पीएचडी जैसे डिग्रियां हैं।

# राजवैद्य वेणीमाधव शास्त्री जी के देवलोक गमन पर श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि अर्पित

ग्वालियर7 राजवैद्य वेणीमाधव शास्त्री जी के देवलोक गमन पर महावीर भवन में श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर शहर के जनप्रतिनिधि, अभिभाषकगण, चिकित्सकगण, पत्रकारगण सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि सभा में चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि आयुर्वेद के क्षेत्र में शास्त्री जी का योगदान अतुलनीय है, जिस का वर्णन करने के लिए दिन नहीं बरस भी कम प? जाएँगे। हिन्दू महासभा के राष्टीय उपाध्यक्ष-डॉ. जयवीर भारद्वाज ने कहा कि शास्त्री जी ने अपनी आयुर्वेद चिकित्सा के माध्यम से समूचे भारत एवं विश्व में ग्वालियर का गौरव बढ़ाने का कार्य किया7चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पूर्व कोषाध्यक्ष वसंत अग्रवाल ने कहा कि हमारे पूरे परिवार को शास्त्री जी की चिकित्सा के द्वारा संरक्षण प्राप्त था। चिकित्सा के साथ समय-समय पर ढाँढस बँधाते हुए उन्होंने हमारा जीवन मार्ग प्रशस्त किया।पूर्व प्राचार्य, आयुर्वेद कॉलेज डॉ. के.एल. मिश्रा ने पुष्पांजलि देते हुए कहा कि चिकित्सा एवं शोध कार्यों में शास्त्री जी का भरपूर सहयोग मुझे हमेशा प्राप्त होता रहा। उन के शिक्षण कार्य द्वारा अनेकों छात्र लाभान्वित हुए। भारतीय शिक्षा



मण्डल के पूर्व उपाध्यक्ष उमाशंकर पचौरी ने कहा कि शास्त्री जी ने आयुर्वेद के माध्यम से अपने जीवन में उस ऊँचाई को प्राप्त किया जिस की इच्छा प्रत्येक व्यक्ति करता है।शास्त्री जी के जीवन के स्थापित आदर्श हम सब के जीवन को सार्थक बनाने के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत का कार्य करेंगे। डॉ. नीतेश शर्मा, प्रांत संयोजक शिक्षा प्रकोष्ठ, भाजपा ने कहा कि कई ब? चिकित्सा संस्थानों से निराश हो कर लौटने वाले रोगियों को शास्त्री जी के पास आ कर स्वस्थ होते मैंने साक्षात देखा है।वरिष्ठ पत्रकार डॉ.राकेश अचल ने शास्त्री जी को याद करते हुए कहा कि ग्वालियर की कई विभूतियों ने देश-विदेश में अपने-अपने क्षेत्र में पहचान स्थापित की। आयुर्वेद का ि?क्र होने पर ग्वालियर को शास्त्री जी के नाम से पहचाना जाता रहेगा। पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल ने कहा कि जीवन पर्यंत अपनी चिकित्सा विद्या से शास्त्री जी ने जो मानव सेवा की उसे हमेशा याद रखा जाएगा। पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि चिकित्सा के अलावा मेरा शास्त्री जी से व्यक्तिगत जु?ाव भी था। विषम परिस्थितियों में शास्त्री जी हमेशा मेरा मनोबल बढ़ाते रहे। शास्त्री जी के जाने से मैंने अपना एक मार्गदर्शक और शुभचिंतक खो दिया है।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478